● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 129, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 15 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



पवित्र स्थलों को अपवित्र करने वालों पर होगी कार्यवाही : हिमंत 5

साउथ अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियन 6

# पचमढ़ी में सांसद-विधायकों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र

## दिनचर्या, संवाद कौशल और विचारधारा पर होगा फोकस, अमित शाह पचमढ़ी पहुंचे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में भारतीय जनता पार्टी अपने सांसदों और विधायकों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर रही है। 14 से 16 जून तक चलने वाले इस शिविर में सांसदों और विधायकों को केवल पार्टी की नीतियों से अवगत ही नहीं कराया जाएगा, बल्कि उन्हें अनुशासित दिनचर्या, संवाद कौशल और संगठनात्मक तालमेल जैसे व्यावहारिक विषयों पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एयरपोर्ट के ओल्ड टर्मिनल पर पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। गृह मंत्री शाह के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान



भी हेलीकॉप्टर से पचमढ़ी के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम में मंच पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहेंगे। शाह जनसंघ से भाजपा की विकास यात्रा और पार्टी की विचारधारा पर संबोधन देंगे। सीएम विकसित मध्य प्रदेश 2047 अवसर और चुनौती पर वक्तव्य देंगे।

प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत रोज सुबह 6 बजे जागने के साथ होगी। उसके बाद 7 बजे से योग, प्राणायाम और प्रार्थना का सत्र चलेगा। दिनभर विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को संवाद, समन्वय, विचारधारा और व्यवहार से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन मिलेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शिविर में संवाद कौशल पर विशेष सत्र लेंगे। वे सांसदों और विधायकों को जनसंपर्क, जनप्रतिनिधि की भूमिका और संवाद की रणनीतियों पर दिशा देंगे। समापन सत्र में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष उपस्थित जनप्रतिनिधियों की जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे। इस सत्र में सवाल-जवाब होंगे। स्वप्निल कुलकर्णी द्वारा आरएसएस की विचारधारा, पंच परिवर्तन और शताब्दी वर्ष की योजनाओं पर संवाद होगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह समय प्रबंधन और लोक व्यवहार पर सत्र लेंगे। मध्य प्रदेश के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह हमारा विचार और पंच प्रण की अवधारणा पर बात रखेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा पार्टी की कार्यपद्धति समझाएंगे।

महाराष्ट्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनोद तावड़े मीडिया संवाद के तौर-तरीकों, विषय चयन और इंटरनेट मीडिया की बारीकियों पर प्रशिक्षण देंगे। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल वक्तव्य कौशल और मोबाइल शिष्टचार पर बात करेंगे। वहीं, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश संगठन, परिवार और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने के उपाय बताएंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान %विकसित भारत और मोदी सरकार की परिवर्तनकारी नीतियों को मध्य प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में जनप्रतिनिधियों के सामने प्रस्तुत करेंगे।

# एअर इंडिया विमान हादसे के हताहतों को तत्काल 25 लाख देगा, एक करोड़ मुआवजा राशि अलग

**नई दिल्ली।** भारतीय एयरलाइंस एअर इंडिया ने अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर बड़ी घोषणा की है। एयर इंडिया ने कहा कि वह मृतक के परिजनों और घायलों को एक करोड़ रुपये के मुआवजे के अलावा 25 लाख रुपये का अंतरिम भुगतान करेगी। बता दें कि, गुरुवार 12 जून को दोपहर में अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एअर इंडिया का विमान एआई171 हादसे का शिकार हो गया था। ये विमान रिहायशी इलाके में मौजूद एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास पर गिरा था।

इस भीषण हादसे पर टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन शोक जताते हुए कहा- एयर इंडिया फ्लाइट 171 से जुड़ी दुखद घटना से हम बहुत दुखी हैं। इस समय हम जो दुख महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं



जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो घायल हुए हैं। टाटा समूह इस त्रासदी में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवारों को ?1 करोड़ की सहायता राशि देगा। हम घायलों के चिकित्सा व्यय को भी वहन करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। इसके अतिरिक्त, हम बीजे मेडिकल के छात्रावास के निर्माण में सहायता प्रदान करेंगे। हम इस अकल्पनीय समय में प्रभावित परिवारों और समुदायों के साथ खड़े हैं। अहमदाबाद में गुरुवार को हुए एयर इंडिया के बोइंग 787 विमान हादसे की जांच में अब अमेरिका की राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) भी शामिल होगी। एनटीएसबी ने अपने आधिकारिक ट्वीट में जानकारी दी है कि वह एक विशेषज्ञों की टीम भारत भेज रही है, जो भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) के साथ मिलकर इस गंभीर हादसे की जांच में सहयोग करेगी।

एअर इंडिया विमान हादसे में अब तक कुल 270 लोगों की मौत हो चुकी है। इस विमान में सवार 230 यात्रियों में 217 वयस्क, 11 बच्चे और दो बच्चे शामिल थे।

# वायुसेना प्रमुख ने बताई ऑपरेशन सिंदूर की खासियत

**हैदराबाद।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की खासियत बताई। हैदराबाद में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुश्मन पर सटीक और निर्णायक प्रहार करने की भारतीय वायुसेना की क्षमता को प्रदर्शित किया है।

डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के बीच असाधारण समन्वय, तालमेल



और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। फ्लाइंग अधिकारी सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाते रहें।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायु सेना के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है। इसे वायु सेना के भविष्य के रूप में आपको समझना होगा कि वायु सेना हमेशा से ही सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली रही है और रहेगी। भारत के प्रत्येक नागरिक द्वारा भारतीय वायु सेना पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना तेजी से एक एयरोस्पेस बल के रूप में विकसित हो रही है। कई युवा अधिकारी अंतरिक्ष में राष्ट्र की अगुवाई करेंगे। इन चुनौतियों के लिए उन्हें अपने काम के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध, केंद्रित और जुनूनी बनना पड़ेगा। उन्होंने स्नातक अधिकारियों को स्वस्थ जीवन शैली के माध्यम से शारीरिक और मानसिक फिटनेस तथा व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया।

# ईरान के पास बातचीत का दूसरा मौका, वरना कुछ नहीं बचेगा : ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइली हमलों के बीच ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान जल्द से जल्द परमाणु समझौते पर सहमत हो जाए और अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद कर दे। ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास यह दूसरा मौका है लड़ाई को बंद करने और बढ़ने से रोकने का वरना कुछ नहीं बचेगा। वहीं इस्राइल ने ईरान पर हमले जारी रखने की बात कही है। ईरान और इस्राइल के बीच जारी संघर्ष के बीच ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा की।

# गाजा प्रस्ताव पर भारत की गैरमौजूदगी शर्मनाक : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में युद्धविराम के लिए पेश प्रस्ताव पर मतदान से भारत की गैरमौजूदगी शर्मनाक है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि भारत ने हमेशा फलस्तीन का पक्ष लिया, लेकिन इस शानदार विरासत को मलबे में बदल दिया गया है।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि यह बेहद शर्मनाक है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में युद्धविराम प्रस्ताव पर मतदान से दूरी बनाई। भारत हमेशा से शांति, न्याय और इंसानी अस्मिता का



समर्थक रहा है। फलस्तीन में 60 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं और इनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। हजारों लोग भूख से मर रहे हैं और अंतराष्ट्रीय मदद भी रोक दी गई है। यह मानवीय त्रासदी है। भारत ने हमेशा फलस्तीन का समर्थन किया है और यह सिद्धांतों की बात है न कि रणनीति की, लेकिन आज शानदार विरासत को मलबे में बदल दिया गया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहने पर भारत सरकार की आलोचना की। सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में प्रियंका गांधी वाड्रा ने लिखा कि भारत सरकार ने तब स्टैंड लेने से इनकार कर दिया, जब गाजा में 60 हजार लोग मारे जा चुके हैं और गाजा की पूरी आबादी को बंद करके रखा गया है और उन्हें भूख से मरने के लिए छोड़ दिया गया है। प्रियंका गांधी ने लिखा कि ये शर्मनाक है कि हमारी सरकार ने सिर्फ गाजा के मुद्दे पर चुप है बल्कि इस्राइल सरकार के ईरान पर हमले को भी खुशी मना रही है, जबकि ईरान के पूरे नेतृत्व को मार दिया गया है।

# ईरान के नौ परमाणु वैज्ञानिकों को मार गिराने का दावा

**वाशिंगटन।** इस्राइल ने ईरान के नौ परमाणु वैज्ञानिकों को मार गिराने का दावा किया है। इस्राइल डिफेंस फोर्स ने मृतकों की सूची भी जारी की है। इसके अलावा एक वीडियो जारी कर इस्राइल ने ये समझाया है कि परमाणु वैज्ञानिकों को मार गिराने के लिए ईरान में किन ठिकानों को निशाना बनाया गया है। आईडीएफ ने कहा है कि एक साथ हुए हमलों में 9 ईरानी परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। ये सभी लोग बम बनाने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रहे थे और काफी आगे बढ़ चुके थे। आईडीएफ ने शुक्रवार की सुबह ताबड़तोड़ हमले किए।

# प्राइवेट स्कूल शिक्षा के मंदिर नहीं, माफिया के अड्डे बनते जा रहे : सिसोदिया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री सीएम मनीष सिसोदिया ने प्राइवेट स्कूलों की बात करते हुए एक बार फिर रेखा सरकार को घेरा है। सिसोदिया का कहना है कि भाजपा सरकार मे प्राइवेट स्कूल माफिया के अड्डे बनते जा रहे हैं। आप नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोला है। दरअसल, एक्स पर एक यूजर ने वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया कि प्रशांत विहार के एक स्कूल में बच्चों को छुट्टी के बाद जबरन रोके रखा गया क्योंकि वे स्कूल वैन से नहीं आते। जिसके बाद आप नेता मनीष सिसोदिया ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, दिल्ली में छोटे-छोटे मासूम बच्चों को छुट्टी के बाद स्कूल में रोककर रखने की सजा दी गई। इसलिए क्योंकि उनके माता-पिता स्कूल वैन के नाम पर प्राइवेट स्कूल की से लूट बचाना चाहते हैं और खुद उन्हें स्कूल छोड़ने आते हैं।

# मणिपुर में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्यवाही, 300 राइफल और हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस, सीएपीएफ, सेना और असम राइफल्स ने पांच घाटी जिलों में छापेमारी करके 300 राइफल और हथियार बरामद किए हैं। इसके अलावा जबरन वसूली के आरोप में प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

मणिपुर पुलिस के एडीजीपी लाहरी दोर्जी लातू ने कहा कि 13-14 जून की मध्य रात्रि में मणिपुर पुलिस, सीएपीएफ, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीमों ने घाटी के 5 जिलों के बाहरी इलाकों में तलाशी



अभियान चलाया गया। संयुक्त टीमों द्वारा विस्फोटक और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने 151 एसएलआर राइफल, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य प्रकार की राइफल, 5 कार्बाइन गन, 2 एमपी-5 गन, 12 हल्की मशीन गन, छह एके सीरिज राइफल, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्टल, एक एआर-15, दो फ्लेयर बंदूक, 10 ग्रेनेड और सात डेटोनेटर समेत कुल 328 बंदूकें और राइफलें बरामद की गईं। अफसरों ने कहा कि ये खुफिया-आधारित ऑपरेशन मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए सामान्य स्थिति बहाल करने, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने, नागरिकों और उनकी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उनके निरंतर प्रयासों में एक बड़ी उपलब्धि है। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर, काकचिंग और थौबल में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छिपाकर रखे जाने की खुफिया जानकारी के बाद तलाशी अभियान चलाया था।

# इसरो-नासा रॉकेट लीकेज दूर करने में जुटे

**नई दिल्ली।** एक्सिओम-4 मिशन के प्रक्षेपण में देरी पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि मिशन की सुरक्षा उसकी शीर्ष प्राथमिकता है। लॉन्चिंग वाहन में रिसाव ठीक करने का प्रयास हो रहा है। लखनऊ निवासी शुभांशु शुक्ला तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ एक्सिओम-4 वाणिज्यिक मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) जाने वाले हैं। इस मिशन को अभी अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा कि सुरक्षा और मिशन की पूर्णता हमारी शीर्ष प्राथमिकताएं हैं। इसरो इस संबंध में एक्सिओम स्पेस, नासा और स्पेसएक्स के साथ मिलकर काम कर रहा है। नासा ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह आईएसएस के रूसी मॉड्यूल में एक लीकेज की जांच कर रहा है। शुभांशु के लिए, बनाया खास बैज शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा के लिए एक खास मिशन बैज बनाया गया है। इसे बनाने वाले फैशन डिजाइनर मनीष त्रिपाठी के अनुसार यह बैज अंतरिक्ष में भारतीय गौरव का प्रतीक होगा। इसमें देश की अंतरिक्ष विरासत, महत्वाकांक्षाओं और सांस्कृतिक पहचान की झलक दिखेगी।

# कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संस्थागत मध्यस्थता पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संस्थागत मध्यस्थता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। दिल्ली में एक सम्मेलन में मंत्री ने यह भी कहा कि संगठनों को समय की आवश्यकता के अनुसार लचीला और कठोर बनने के लिए तैयार रहना चाहिए। ताकि उनके हित सुरक्षित रहें और वे राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि अधिकारियों को जोखिम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। अपने संगठन के वित्तीय हितों के लिए प्रचलित रास्ते पर नहीं चलना चाहिए। उन्होंने अफसोस जताया कि मध्यस्थता भारतीय संस्कृति का हिस्सा है, लेकिन कहीं न कहीं यह अवधारणा विफल हो गई है।

# उड्डयन मंत्रालय ने बताई एअर इंडिया विमान हादसे की पूरी कहानी

**नई दिल्ली।** गुजरात में 12 जून को 242 यात्रियों और चालक दल को लेकर लंदन जाने वाला विमान एआई 171 अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। देखते ही देखते एअर इंडिया का विमान आग का गोला बन गया था। हादसे में विमान में सवार 52 ब्रिटिश नागरिकों सहित 241 लोगों की मौत हो गई थी। एक व्यक्ति हादसे में बच गया था, जिसका इलाज चल रहा है। मामले में सरकार ने शनिवार दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और हादसे की पूरी कहानी बताई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव समीर कुमार सिन्हा ने मीडिया को विस्तार से मामले की पूरी जानकारी दी।

समीर कुमार सिन्हा ने बताया, 12 जून को दोपहर करीब दो बजे हमें सूचना मिली कि अहमदाबाद से गैटविक लंदन जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हमने तुरंत एटीसी अहमदाबाद के जरिए इस बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। यह एआईसी 171 था और इसमें कुल 242 लोग सवार थे, जिसमें 230 यात्री, दो पायलट और 10 क्रू मेंबर शामिल थे। इस विमान ने दोपहर 1ः39 बजे उड़ान भरी और कुछ ही सेकंड में करीब 650 फीट की ऊंचाई पर पहुंचकर यह ऊंचाई खोने लगा यानी इसकी ऊंचाई कम होने लगी।

# मप्र में दक्षिणी पूर्वी जिलों से एंट्री करेगा मानसून

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अब जल्द ही मानसून प्रवेश करने वाला है। प्रदेश में यह तय समय पर ही सक्रिय हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक एक दो दिन के भीतर पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार यह पूरे प्रदेश को तरबतर कर देगा। एमपी में पिछले साल 21 जून को मानसून आया था। इस बार मानसून का प्रवेश प्रदेश के दक्षिणी पूर्वी जिलों से होगा। प्रवेश के 5-6 दिनों में ही यह पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। इधर शनिवार को प्रदेश की राजधानी भोपाल समेत कई जिलों आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं नर्मदापुरम में पारा सबसे ज्यादा 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



मानसून के पहले कई जिलों में हुई जोरदार बारिश

शनिवार को भी जबलपुर,उज्जैन, जबलपुर, सागर, नीमच और शाजापुर जिले में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। राजधानी भोपाल में भी धूलभरी आंधी के साथ बारिश हुई। इंदौर, रायसेन में भी पानी गिरा। मंदसौर में ओले गिरे। आंधी के कारण उज्जैन के पास बेरछा और पीर अमरूद के बीच रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिर गया। जिससे कुछ ट्रेन प्रभावित हुई है। भोपाल से चलकर दाहोद जाने वाली 19340 गाड़ी को बीच में रोकना पड़ा। करीब एक घंटे से गाड़ी रुकी रही।

मध्यप्रदेश में शनिवार को नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा गर्म रहा यहां का अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। खजुराहो में 44.7 डिग्री, नौगांव में 44.6 डिग्री, सतना में 43.1 डिग्री, सीधी में 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दमोह, शाजापुर, टीकमगढ़, रीवा, नरसिंहपुर, खरगोन, गुना, शिवपुरी, उमरिया, खंडवा, बैतूल और सागर में भी पारा 40 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 40.4 डिग्री, इंदौर में 38.8 डिग्री, ग्वालियर में 42.5 डिग्री, उज्जैन में 40 डिग्री और जबलपुर में पारा 40.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग का कहना है कि मध्यप्रदेश में मानसून का प्रवेश दक्षिणी पूर्वी जिलों से होगा। प्रवेश के 5-6 दिनों में यह पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। यानि 15 जून के आसपास प्रवेश कर मानसून 20 जून तक प्रदेशभर में सक्रिय होकर झमाझम बारिश कराएगा। इस बार प्रदेश के अनूपपुर, बालाघाट, डिंडोरी, मंडला और सिवनी में सबसे अधिक पानी गिरने का अनुमान है।

# कांग्रेस का संगठन सर्जन अभियान, सिंगरौली पहुंची ऑब्जर्बर की टीम

## 30 जून को हाई कमान को सौपेंगे रिपोर्ट, पार्टी में गुटबाजी को लेकर गोलमोल जवाब देते रहें ऑब्जर्वर

**सिंगरौली।** गुजरात के बाद अब म.प्र. देश में कांग्रेस संगठन सर्जन अभियान चला रही है। कांग्रेस पार्टी में इस अभियान के जरिए अभी से 2028 के विधानसभा चुनाव के लिए संगठन मजबूत करने की रणनीति बनानी शुरू कर दिया है। जहां सिंगरौली में बनाए जाने वाले जिला अध्यक्ष को लेकर अब मंथन चल रहा है। जिले में भी अभियान के तहत जिला अध्यक्षों की नियुक्ति करने के लिए कांग्रेस आलाकमान द्वारा गठित किए गए एआईसीसी ऑब्जर्वर की टीम ने पत्रकार वार्ता कर अपनी राजनीतिक विचारधारा के साथ-साथ संगठन को कैसे मजबूत किया जाना है। उस पर जानकारी साझा किया। साथ ही कहा कि टीम चार दिनों तक कार्यकर्ताओं और आमजन से फीडबैक ले रही हैं।



बता दें कि एआईसीसी ऑब्जर्वर सांसद सप्तगिरि शंकर उल्का और म.प्र. कांग्रेस कमेटी सांसद ओमकार मरकाम और संगठन प्रभारी कविता पाण्डेय सिंगरौली पहुंची। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए ऑब्जर्वर सांसद सप्तगिरि शंकर उल्का ने कहा कि अहमदाबाद में हुई एआईसीसी और सीडब्ल्यूसी की बैठक में निर्णय लिया गया था कि हम जिला कांग्रेस कमेटी को मजबूत करेंगे। भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की विचारधारा और राजनीतिक लड़ाई में जिला स्तर में संगठन को कैसे मजबूत कर पाएंगे, उसी का एक प्रयास है। इसके लिए कांग्रेस पार्टी ने सर्जन अभियान की शुरुआत गुजरात से की है और अब म.प्र. में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में जिला कांग्रेस कमेटी, मंडल कमेटी, ब्लॉक कमेटी और बूथ कमेटी हैं। इसका पुनर्गठन किया जाएगा। इसमें हम कार्यकर्ताओं, सिविल सोसाइटियों सहित नेताओं से भी चर्चा करेंगे। संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश भर के जिलों में ऑब्जर्वर पहुंचेंगे। ऑब्जर्वर सभी विधानसभाओं के हर ब्लॉक और मंडल सहित बूथ स्तर के कार्यकर्ता से चर्चा करेंगे। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का कैसे चयन कर पाएंगे और उसे अधिकार दे पाएंगे, पार्टी को कैसे मजबूत कर पाएंगे। इसके लिए आईसीसी और सीडब्ल्यूसी का एक प्रयास है कि संगठन को कैसे मजबूत करना है। इसके लिए सबसे पहले जिला कांग्रेस कमेटी की नियुक्ति करेंगे। साथ ही उनके उत्तरदायित्वों को भी निश्चित करेंगे। साथ ही उसको क्या अधिकार है और उसे कैसे मजबूत करना है। यही हमारा प्रयास रहेगा।

आने वाले समय में हमारी विचारधारा की लड़ाई, हमारे संकल्प, हमारे मिशन को लेकर खड़गे और राहुल गांधी की जो परिकल्पना और रोड़ मैप है, उसे कैसे पालन करें कि हमारे जिला कांग्रेस कमेटी हमारे संगठन के सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा कि हम कार्यकर्ताओं से अनुरोध करते हैं कि इस अभियान में शामिल हो जाइए। कोई भी कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कमेटी के पद के लिए आवेदन देना चाहते हैं आवेदन करिए। इसके लिए पार्टी के प्रति समर्पण और उसके विचारधारा को आगे ले जाने के साथ-साथ मेहनती होना चाहिए। हम सब की बात सुनेंगे उसके बाद कार्यकता, सिविल सोसाइटी और मीडिया से भी फीडबैक लेकर 30 जून तक पार्टी हाई कमान को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के गठन के बाद एग्जीक्यूटिव कमेटी का भी गठन होगा। हम यहा चार दिनों के दौर में है। वहीं मीडिया कर्मियों ने सवाल किया कि जिले में पार्टी की दो दशक से अधिक समय से लगातार हार के पीछे गुटवाजी प्रमुख बजह रही या फिर कुछ और जिसके जवाब में ऑब्जर्वर पार्टी के भीतर की बात है कह कर गोलमोल जवाब देते रहे। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सांसद ओमकार मरकाम ने कहा कि संघटनात्मक रूप से मजबूती प्रावधान करने के लिए गांव की एक-एक कार्यकर्ता के विचारों के अनुरूप निर्णय लेने के लिए राहुल गांधी ने संगठन में एक बहुत महत्वपूर्ण स्वरूप प्रदान करने के लिए सृजन कार्यक्रम का शुभारंभ किए हैं। पहले चरण में गुजरात में सर्जन कार्यक्रम की शुरुआत हुई अब म.प्र.का चयन केंद्रीय नेतृत्व ने किया है। हम सर्जन कार्यक्रम के तहत संघटनात्मक मजबूती के लिए एकत्रित हुए हैं। हमारा उद्देश्य जनमानस सहित एक-एक कांग्रेस का कार्यकर्ता अपने विचारों को साझा करें। और मजबूती के साथ देश हित में सभी कार्यकर्ता काम करें।

# सरस्वती शिशु मंदिर बैढ़न-बिलौंजी में आचार्य दक्षता परीक्षा आयोजित



**सिंगरौली।** सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत द्वारा प्रत्येक जिले में आचार्यों की उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के लिए उनकी दक्षता परीक्षा का आयोजन शिशु वाटिका, प्रिपेटरी, मिडिल, सेकेंडरी और हायर सेकेण्डरी स्तर की गई। बिलौंजी विद्यालय में आयोजित यह आचार्य दक्षता परीक्षा जिला सचिव डॉ. सुशील सिंह के नेतृत्व और जिला पालक अधिकारी यदुवीर यादव एवं उर्जान्चल विभाग के विभाग समन्वयक बैकुंठ प्रसाद शाह के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य आचार्यों को नई शिक्षा नीति अर्थात 21वीं सदी के अनुरूप उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के लिए तैयार करना है।

इस परीक्षा का उद्देश्य आचार्य स्वयं अपनी तैयारी कर आधुनिक शिक्षा प्रणाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालयों में आचार्य पूरी तैयारी से छात्रों को उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सके। उसके लिए तैयार करना है। सिंगरौली जिले के 14 नगरीय सरस्वती शिशु मन्दिरों के 237 आचार्यों ने इस परीक्षा में सहभागिता दी। ज्ञात हो कि सरस्वती शिशु मंदिर अपने उच्चकोटि की गुणवत्ता पूर्ण संस्कार युक्त शिक्षा देने के लिए संकल्पित है, जिससे राष्ट्र निर्माण के लिए अच्छे योग्य विद्यार्थी विभिन्न सेवा क्षेत्र में जा सकें। इस परीक्षा में जिला केंद्र व्यवस्थापक कामतानाथ केशरवानी, अमलोरी से आरबी सिंह, जयंत से राजीव लोचन श्रीवास्तव के साथ-साथ जिला केंद्र के प्राचार्य एवं सभी विद्यालयों के प्राचार्य प्रधानाचार्यो का सहयोग सराहनीय रहा।

# 7 घंटे तक चला चक्काजाम ,बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज



**सिंगरौली।** घोघरा धनौजा मंदिर के पास शुक्रवार की शाम के वक्त दुबे बस सर्विस के सनकी चालक ने दो दिन पूर्व की पुरानी रंजिश को लेकर बाईक में सवार तीन लोगों को टक्कर मारकर बाईक के साथ घसिटते हुये ले गया। जहां बाईक धू-धूकर जल गई और उसमें सवार छोटेलाल मिश्रा की घटना स्थल पर मौत हो गई और दो लोग घायल हो गये।

इस घटना के बाद गुस्साएं लोगों ने थाना के सामने सड़क पर शव रखकर आरोपी चालक के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध किये जाने की मांग की रहे थे। मौके पर मौजूद तहसीलदार चन्द्रशेखर मिश्रा एवं थाना निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया ने पीड़ित पक्षों से मिलकर समझाइस दिया और बस चालक जानू पनिका के विरूद्ध गैर इरादतन का मामला पंजीबद्ध कर तलाश शुरू कर दिया। यह चक्काजाम बीते दिन शुक्रवार एवं शनिवार की रात करीब 1 बजे तक चला है। आज सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

# मनमानी.......पानी रहित सरकारी स्कूलों के लिए खरीदा 97.67 लाख की कीटाणुरोधी गोलियां व स्प्रे !

## जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने बाजार दर से कई गुना अधिक में खरीदा कीटाणुरोधी गोलियों व स्प्रे, अब खड़े हो रहे सवाल

**सिंगरौली।** ऊर्जाधानी में सरकारी मद के अलावा डीएमएफ मद हैं यहां पैसों की कोई कमी नहीं है, संभवत इसीलिए अधिकारियों में अन्य जिलों की अपेक्षा इस जिले में काम करना ज्यादा पसंद करते हैं। यहां अधिकारी जरूरत के अलावा अनर्गल ऐसे काम भी करते हैं जिनकी जरूरत संभवत: नहीं रहती. ऐसी ही एक विडंबनापूर्ण स्थिति देखने को मिली है। जहां ज्यादातर सरकारी स्कूलों में पानी के अभाव में शौचालय बंद होने के बावजूद, कीटाणुनाशक दवाइयां बाजार मूल्य से अधिक दामों में खरीदी गई हैं।

गौरतलब है कि जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले भर के स्कूलों के लिए कीटाणुरोधी गोलिया स ो ि ड य म डायक्लोआइसोस्यान्यूरेट (एनएडीसीसी) व स्प्रे की जेम पोर्टल से 97 लाख 67 हजार 790 रुपये की खरीदी की गई है। ऐसे में ये सवाल उठने लगा है कि शिक्षा विभाग करोड़ों रुपए से कीटाणुरोधी गोलिया और स्प्रे की भारी मात्रा खरीद कर कहां करेगा। वही यदि जिम्मेदार यह कहे की इनका उपयोग स्कूलों में किया जाएगा, तो सवाल यह है कि जिले के अधिकतर स्कूलों में शौचालय की व्यवस्था की जरूर गई है लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं होने से शौचालय में या तो ताला बंद है या फिर उसका इस्तेमाल नहीं किया जाता। या यूं कहें कि शौचालयों की व्यवस्था इस स्तर की नहीं है कि उनके लिए कीटाणुरोधी गोलियों व स्प्रे के उपयोग की जरूरत हो. वहीं विभागीय सूत्रों का दावा है कि कीटाणुरोधी गोलियां और स्प्रे खरीदी में बड़ा गड़बड़ झाला है। अधिकारियों ने सरकारी रूपयों का बंदरबांट करने का यह नया तरीका है।

### पांच गुना अधिक कीमत पर खरीदें स्प्रे बॉटल

पीएम मोदी के स्वच्छता अभियान में सरकारी स्कूलों में शौचालय बनाए जरूर गए लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं होने शौचालयों का उपयोग बंद हो गया। बावजूद शिक्षा विभाग की जिम्मेदार होने कीटाणुरोधी गोलियां और स्प्रे की खरीदी की। विभाग ने सोडियम डाइक्लोरोआइसोसाइन्यूरेट (एनएडीसीसी) की गोलियों के अलावा कुल 8 लाख 50 हजार रुपये की लागत से 558 स्प्रे बॉटल भी खरीदी गयी हैं और प्रत्येक स्प्रे बॉटल की कीमत 1525 रुपये की है, जबकि इस प्रकार के कार्य के लिए स्प्रे बॉटल मार्केट में 150 से 300 रुपये की सामान्य दरों से मिलने लगती हैं।

### इनका कहना है

कीटाणुरोधी दवाइयों की खरीदी में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हुई है। दवाइयां स्कूल में पहुचाई जा रही है, शुरुआत चितरंगी ब्लांक से की गई है।

**एसबी.सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली**

# पहड़ी टोला के कई महिलाएं ठगी की हुई शिकार

**सिंगरौली।** कोतवाली बैढ़न क्षेत्र के समीपी गनियारी के पहड़ी टोला में करीब आधा दर्जन महिलाएं ठगी की शिकार हो गई। बर्तन बदलने वाली एक महिला ने फ्रॉड कर लिया और उन्हें झासा में रखकर सोना-चाँदी के जेवरात भी ठग कर ले गई। हालांकि महिलाओं ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली बैढ़न में नही की है। जानकारी के अनुसार गनियारी पहड़ी टोला सनसाइन स्कूल के पास पार्वती साकेत ने बताया कि यही






महिला लगभग 3 दिन से लगातार मोहल्ला में घूमकर पुराना बर्तन बदलकर नया बर्तन देते-देते सोने चॉदी का जेवर कम्पनी को डिजाइन दिखाने के नाम पर कम्पनी स्टील का बर्तन व रूपये देती है। जहां झांसा देकर कई महिलाओं से बीते दिन शुक्रवार को भारी भरकम जेवर लेकर रफू चक्कर हो गयी है। पीड़िता पार्वती साकेत बताती है कि लगभग 1लाख रूपये का तक गहना था। अन्य महिलाओं के साथ भी इसी तरह से फ्रॉड किया गया है। फिलहाल यह महिला कौन है और कहां की है, इसकी भी जानकारी उक्त मोहल्ले के महिलाओं को नही है।

# चितरंगी अंचल में तूफान के साथ हुई बारिश, गर्मी से राहत, लेकिन उमस बढ़ी

**सिंगरौली।** चितरंगी क्षेत्र में आज दिन शनिवार की शाम तेज तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई। जहां गड्ढों में बारिश का पानी जमा हो गया। वही बारिश से गर्मी से राहत मिली है। लेकिन उमस बढ़ गई है।

दरअसल एक पखवाड़े से सूर्य देवता आसमान से आग उगल रहे हैं। आलम यह है कि प्रचण्ड गर्मी ने सब को बेचैन कर दी है।



रोजाना तापमान में वृद्धि हो रही है। साथ ही बेचैन कर देने वाली भीषण गर्मी के आगे सब बेवस नजर आ रहे हैं । पंखे-कूलर भी जवाब दे रहे हैं। सुबह से ही तीखी धूप असहनीय हो रही है। लोगबाग अब बारिश का इंतजार करते हुये आसमान पर टकटकी लगाये रहते हैं कि कब बादल आएंगे और बारिश होगी। आज इन्द्र देवता उनकी आवाजों को सून लिये और दोपहर बाद तेज तूफान एवं बारिश से कुछ राहत मिली है। यह बारिश चितरंगी तहसील क्षेत्र के सोनतीर इलाके में हुई है। जबकि चितरंगी कस्बे के आसपास बारिश एवं तूफान का असर नही था।

# दो मालवाहक बगैर परमिट के पाये जाने पर जप्त






**आरटीओ चेक प्वाइंट उड़नदस्ता टीम ने वाहनों पर किया 2 लाख 90 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई**

**सिंगरौली**

आरटीओ चेक प्वाइंट्स सिंगरौली उड़नदस्ता की टीम की गहन जांच अभियान जारी है। आज दिन शनिवार को जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर एवं चेक प्वाइंट्स प्रभारी की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। जिसमें पीओएस मशीन का विभाग उपयोग कर लगभग 2 लाख 90 हजार रूपये की चालानी कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार चेक प्वाइंट्स प्रभारी दो मालवाहक बिना परमिट वहान यूपी 96 टी 2334 एवं यूपी 66 डीटी 7479 शासन चौकी में सुरक्षार्थ खड़ी कर 60 हजार जुर्माना वसूल कर गाड़ी को रिलीज किया गया। कुल राजस्व 3 लाख 50 हजार रूपये जप्त किये गये। चेक प्वाइंट्स प्रभारी एवं उनके टीम द्वारा लगातार यात्री बसों को भी चेकिंग कर आपातकालीन खिड़की, दरवाजे, व्हीसीटीडी पेनिक बटन और किराया सूची के साथ मैकेनिकल खराबी को दुरस्त करने का निर्देश दिया गया। वही आरटीओ अमला ने जन जागरूकता अभियान के तहत रेडियम रिफ्लेक्टर की मालवाहक गाड़ियों में लगाया हो। जिसमें दुर्घटना से मुक्ति मिल सके।

# कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने गोंदवाली में दी दबिश

## दस्तावेज एवं अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए सोमवार तक का दिया वक्त

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्दशेखर शुक्ला तथा एसपी मनीष खत्री के निर्देशन में सतत क्षेत्र भ्रमण एवं औचक जांच कार्यवाही खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के कुशल नेतृत्व में सहयोगी सहायक खनि अधिकारी सिंगरौली केएम शुक्ला एवं डॉ. विद्याकान्त तिवारी तथा अधीनस्थ खनिज अमले के सहयोग तहसील बरगवां क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गोंदवाली में की गई।

उक्त जांच-कार्यवाही में क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम गोंदवाली एवं भलुगढ़, तहसील बरगवां में रेलवे साइडिंग से लगे हुये क्षेत्र पर मेसर्स पावसून इन्ड्रस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड का बोर्ड लगा पाये जाने पर उक्त औद्योगिक इकाई का मौका



निरीक्षण किया गया। मौका जांच में कोयला खनिज भण्डारित होने पाया गया। उक्त भण्डारित कोयले एवं परियोजना की स्थापना के लिए वैधानिक अनुमति-अभिलेख की मांग करने पर उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि उक्त कोयला एनसीएल सिंगरौली की विभिन्न परियोजनाओं से नियमानुसार वैधानिक अभिलेख के माध्यम से क्रय कर भण्डारित किया गया है। इकाई स्थापित करने हेतु भूमि का आवंटन उद्योग विभाग द्वारा किया जाना तथा अंश भाग मेसर्स पावसून इन्ड्रस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्वंय क्रय किया जाना कुल 27 हे. बताया गया। परियोजना द्वारा रेलवे विभाग से प्राप्त अनुमति अनुसार रेलवे साइडिंग से सटे हुये क्षेत्र पर स्वंय की रेलवे साइडिंग विकिसित की गई है।

भण्डारित कोयले से सम्बन्धित अभिलेख एवं अन्य वैधानिक अनुमति के लिए बताया गया कि परियोजना का मुख्य ऑफिस जिला रायपुर-छग प्रांत में है। जहां कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं के अभिलेख संधारित रहते हैं। उनके द्वारा उपरोक्त से सम्बन्धित वैधानिक अनुमतियां एवं अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु 2 दिन की मोहलत प्रदाय करने का अनुरोध किया गया है। अतएव उपरोक्तानुसार की गई जांच कार्यवाही के दौरान मौके पर भण्डारित कोयले को खुर्द-बुर्द नही करने तथा परियोजना द्वारा किया जा रहा रेलवे साइडिंग-कोल वासरी का निर्माण कार्य जैसा है एवं जिस हालत में है उसी अवस्था में आगामी आदेश तक बंद रखने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त जांच कार्यवाही में खनिज अमले के सैनिकों का योगदान सराहनीय रहा। खनिज अमले द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार की जा रही औचक जांच-कार्यवाही से क्षेत्र में खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भण्डारणकर्त्ताओं में हड़कम्प मच गया है।

## संपादकीय

### जांच बताएगी सच

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हादसे की असल वजह क्या रही, यह जांच का विषय है। इसमें कई दिन और महीने तक लग सकते हैं। अभी राहत और बचाव पर फोकस है। घायलों को सर्वश्रेष्ठ इलाज मिले और मरने वालों की जल्द से जल्द पहचान की जाए। सबसे भयावह-हादसे का शिकार हुए बोइंग 787 में 242 यात्री सवार थे। यह इस सदी का सबसे भयावह भारतीय विमान हादसा है। मई 2010 में मंगलुरू में एयर इंडिया की एक्सप्रेस फ्लाइट 812 क्रैश हुई थी, जिसमें 158 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इसके बाद 2020 के कोझिकोड क्रैश को अपवाद माना जाए, तो पिछले लगभग डेढ़ दशक इंडियन एविएशन इंडस्ट्री के लिए शानदार गुजरे। अहमदाबाद हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग का ड्रीमलाइनर था। कंपनी ने इस सीरीज का पहला विमान 2011 में जापान की एयरवेज को दिया था और फिलहाल दुनियाभर में 1100 से अधिक ड्रीमलाइनर उड़ान भर रहे हैं। इस विमान के साथ हुई यह पहली बड़ी दुर्घटना है, लेकिन यह भी सच है कि बोइंग ड्रीमलाइनर को लेकर कुछ सवाल उठाए जाते रहे हैं। कंपनी के एक इंजीनियर ने अमेरिका में सरकारी जांच के दौरान एक टेक्निकल फॉल्ट की ओर ध्यान दिलाया था। तब कंपनी ने आरोपों को खारिज कर दिया था। इस हादसे और इससे पहले के गुणवत्ता से जुड़े विवाद की वजह से बोइंग की छवि पर जरूर आंच आएगी। इसका एक असर तो तुरंत ही कंपनी के शेयरों में गिरावट के रूप में दिख गया। लेकिन, इससे लंबे वक्त में बोइंग की साख को भी धक्का लगा है। इस महीने की शुरुआत में ही रिपोर्ट्स आई थीं कि एयर इंडिया अपने बेड़े को बढ़ाने के लिए एयरबस और बोइंग के साथ 200 विमानों की डील कर सकती है। इससे पहले, 2023 में एयर इंडिया ने रेकॉर्ड 470 विमानों की खरीद का ऑर्डर दिया था। भारत दुनिया का चौथा बड़ा एविएशन मार्केट है। केंद्र की यूडीएएन योजना के तहत छोटे शहरों को भी हवाई मार्ग से जोड़ा जा रहा है। पिछले एक दशक में एयरपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 159 हो चुकी है और डोमेस्टिक एयर ट्रैवल में इस साल अप्रैल में 10.2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई थी। पिछले साल ही, 17 नवंबर को देश के विमानन क्षेत्र ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब एक दिन में पांच लाख से ज्यादा घरेलू यात्रियों ने उड़ान भरी। सरकार और एविएशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को ख्याल रखना होगा कि इस हादसे की वजह से लोगों का भरोसा कम न हो।

**केंद्र सरकार के उपक्रमों में यह आमूलचूल परिवर्तन केंद्र में ईमानदार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निगमित अभिशासन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के चलते ही सम्भव हो सका है। पूर्व में इन उपक्रमों में पनप रहे भ्रष्टाचार के चलते इन उपक्रमों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता था परंतु अब उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगभग पूर्णतः अंकुश लगाया जा चुका है। साथ ही, केंद्र सरकार के इन उपक्रमों को नेतृत्व प्रदान कर रहे अधिकारियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों में आज का नेतृत्व कुशल, ईमानदार एवं देश प्रथम की नीति पर चलने के साथ ही देश के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला है।**

# केंद्र सरकार के उपक्रम बन रहे कमाऊ पूत

(प्रह्लाद सबनानी)

वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। प्रथम स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 67,085 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है।

आज से एक दशक से अधिक समय पूर्व तक केंद्र सरकार के उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए केंद्रीय बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान करना पड़ता था तथा इन उपक्रमों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी। परंतु, आज स्थिति एकदम बदल गई है एवं अब केंद्र सरकार के उपक्रम केंद्र सरकार को लाभांश के रूप में भारी भरकम राशि प्रदान कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है।

केंद्र सरकार के उपक्रमों में यह आमूलचूल परिवर्तन केंद्र में ईमानदार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निगमित अभिशासन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के चलते ही सम्भव हो सका है। पूर्व में इन उपक्रमों में पनप रहे भ्रष्टाचार के चलते इन उपक्रमों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता था परंतु अब उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगभग पूर्णतः अंकुश लगाया जा चुका है। साथ ही, केंद्र सरकार के इन उपक्रमों को नेतृत्व प्रदान कर रहे अधिकारियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों में आज का नेतृत्व कुशल, ईमानदार एवं देश प्रथम की नीति पर चलने के साथ ही देश के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला है।

वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। प्रथम स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 67,085 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसके बाद ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, आईओसी ने 41,730 करोड़ रुपए, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 40,916 करोड़ रुपए, भारतीय कोयला निगम ने 37,402 करोड़ रुपए, बीपीसीएल ने 26,859 करोड़ रुपए, एनटीपीसी ने 20,812 करोड़ रुपए, बैंक आफ बड़ोदा ने 18,767 करोड़ रुपए, हिन्दुस्तान पेट्रोलीयम ने 16,015 करोड़ रुपए एवं पावर फाइनैन्स करपोरेशन ने 15,889 करोड़ रुपए की राशि का लाभ अर्जित किया है। इसके अतिरिक्त, पावर ग्रिड, कनारा बैंक, आरईसी लिमिटेड एवं यूनियन बैंक, ने 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। साथ ही, गैस अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड, पंजाब नेशनल बैंक, इंडीयन बैंक, जैसे केंद्र सरकार के 42 अन्य उपक्रमों ने भी भारी भरकम राशि का लाभ अर्जित किया है।




केंद्र सरकार के उपक्रमों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, जो भारत में एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करता है एवं इस पर केंद्र सरकार का नियंत्रण लगभग नहीं के बराबर रहता है, ने भी पूरे विश्व के कई बड़े केंद्रीय बैंकों के बीच सबसे अधिक राशि का लाभ अर्जित किया है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को वर्ष 2024 में 7,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है, इसी प्रकार ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक, बैंक आफ इंग्लैंड को 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है तथा यूरोपीयन यूनियन के केंद्रीय बैंक, ईसीबी को 900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। वहीं, इन केंद्रीय बैंकों की तुलना में भारतीय रिजर्व बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभ हुआ है। जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को इस वर्ष 2.70 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश अदा करने की घोषणा की है। विभिन्न केंद्र सरकार के उपक्रमों ने भी इस वर्ष केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश अदा किया है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं केंद्र सरकार के उपक्रमों से प्राप्त होने वाली कुल लाभांश की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट में किए गए प्रावधान की राशि से कहीं अधिक है।

इसी प्रकार, केंद्र सरकार को प्रत्येक माह प्राप्त होने वाली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि भी अब मासिक औसत के रूप से 2 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। अप्रेल 2025 माह में तो केंद्र सरकार को रिकार्ड 2.36 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व वस्तु एवं सेवा कर की मद से प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार, मई 2025 में 2.01 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व जीएसटी मद से प्राप्त हुआ है। देश में प्रत्यक्ष कर (आय कर एवं कारपोरेट कर सहित) के रूप में प्राप्त राशि अप्रत्यक्ष कर के रूप में प्राप्त राशि से कहीं अधिक रही है। देश के आम नागरिकों के हित में यह बहुत अच्छा कार्य हुआ है क्योंकि प्रत्यक्ष कर उन नागरिकों से प्राप्त किया जाता है जो इस कर को अदा कर सकने की क्षमता एवं योग्यता रखते हैं अर्थात उनकी आय कर देने योग्य आय के स्तर से ऊपर रहती है जबकि अप्रत्यक्ष कर समाज के प्रत्येक वर्ग पर सामान्य रूप से एक जैसा लगाया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 22.26 लाख करोड़ रुपए की राशि प्रत्यक्ष कर के रूप में केंद्र सरकार को प्राप्त हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 19.60 लाख करोड़ रुपए की राशि से 13.57 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अप्रत्यक्ष कर (जिसमें वस्तु एवं सेवा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क शामिल हैं) के रूप में प्राप्त राशि का लक्ष्य 16.33 लाख करोड़ रुपए का निर्धारित किया गया था। अप्रत्यक्ष कर की मद की तुलना में प्रत्यक्ष कर की मद से अधिक कर राशि का संग्रहण होना यह भी दर्शाता है कि भारत में नागरिकों की कर देने योग्य आय में वृद्धि दर अधिक है एवं आय कर अदा करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय सुधार हो रहा है। अर्थात, देश में उच्च आय अर्जित करने वाले नागरिकों एवं मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक अब तेज गति से मध्यमवर्गीय नागरिकों की श्रेणी में परिवर्तित हो रहे हैं।

यदि भारत के नागरिक लगातार इसी प्रकार की आर्थिक तरक्की करते रहे तो केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के लिए देश में पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने एवं समाज के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाये रखने में किसी भी प्रकार की समस्या खड़ी नहीं होगी। किसी भी देश के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलायमान बनाए रखने के लिए वित्त की अनुपलब्धता ही मुख्य समस्या के रूप में सामने आती है। परंतु, देश के नागरिक जो गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यमवर्गीय अथवा उच्चवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं, वे यदि केंद्र एवं राज्य सरकारों की वित्त व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तो भारत के लिए आर्थिक विकास की दर को दहाई के आंकड़े तक ले जाने में कोई बहुत अधिक समय नहीं लगने वाला है। केंद्र सरकार, विभिन्न राज्य सरकारों एवं निजी क्षेत्र द्वारा देश में गरीब वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाने के साथ ही यदि पूंजीगत खर्चों में भी वृद्धि की जाती है तो देश के नागरिकों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित होते हैं एवं इससे देश के नागरिक देश की आर्थिक तरक्की में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाते हैं। भारत में भी इसी प्रकार की व्यवस्था खड़ी होती हुई दिखाई दे रही है, जिसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है। (लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

# स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देकर उजाला बने

(ललित गर्ग)

रक्तदान करते हुए डोनर के शरीर से केवल 1 यूनिट रक्त ही लिया जाता है। एक बार रक्तदान से आप 3 लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। ब्लड डोनेशन की प्रक्रिया काफी सरल होती है और रक्त दाता को आमतौर पर इसमें कोई तकलीफ नहीं होती हैं।

किसी के जीवन में रंग भरने का, जीवन और मौत के बीच जूझ रहे लोगों को जीवन देने का और अधिक स्वास्थ्य संकट से घीरे व्यक्ति के जीवन में आशा की किरण बनने का सशक्त माध्यम है रक्तदान। दुनिया भर में अनगिनत लोगों को रक्त की अपेक्षा होती है, इसलिये रक्तदान-महादान है। रक्तदान के महत्व को उजागर करने के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 14 जून को 'विश्व रक्तदान दिवस' मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में रक्तदान के महत्व को समझाने के साथ ही रक्तदान करने के लिये आम इंसान को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर का रक्त ही क्यों न हो। किसी व्यक्ति की रक्तअल्पता के कारण मृत्यु न हो, इस दृष्टि से रक्तदान एक महान् दान है, जो किसी को जीवन-दान देने के साथ हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। रक्तदाता कोई भी हो सकता है, जिसका रक्त किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये रक्त से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है 'रक्त दें, आशा दें- साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं।' यह थीम रक्तदाताओं के जीवन-परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालती है, समुदाय और एकता का सम्मान करती है, तथा नए और नियमित रक्तदाताओं दोनों को जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करती है।

दरअसल विश्व रक्तदान दिवस, शरीर विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त कर चुके वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन की याद में पूरे विश्व में मनाया जाता है, उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था। उन्होंने मानव रक्त में उपस्थित एग्ल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्तकणों का ए, बी और ओ समूह की पहचान की थी। रक्त के इस वर्गीकरण ने चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी खोज के लिए महान वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन को साल 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था। उनकी इसी खोज से आज करोड़ों से ज्यादा लोग रक्तदान रोजाना करते हैं और इसी के कारण लाखों की जिंदगियां बचाई जाती हैं, जिससे रक्त प्राप्त करने वाले व्यक्ति को एक नयी जिंदगी और उनके परिवारों के चेहरे पर एक प्राकृतिक मुस्कुराहट देता है। रक्तदान का महत्व न केवल उन हजारों लोगों के जीवन को बचाना है जो रक्त की कमी या अभाव के कारण जीवन एवं मृत्यु के बीच संघर्षरत हैं, बल्कि विभिन्न बीमारियों से प्रभावित कई अन्य लोगों के जीवन को बचाना और उन्हें अनेक बीमारियों से लड़ने में मदद करना भी है। कल्पना कीजिए कि यह जानकर कैसा महसूस होगा कि आपने किसी की जान बचाई है। आपकी वजह से, कोई व्यक्ति अब अपने परिवार के साथ रह रहा है, पढ़ाई कर रहा है और दुनिया में मौजूद है। यह दिन चुनौतियों को स्वीकार करता है और सुरक्षित रक्त दान को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाने की दिशा में प्रगति को गति देता है।

इस दिवस को मनाने का एक और महत्वपूर्ण कारण स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। जो यह सुनिश्चित करता है कि दुनिया को सबसे ज्यादा ज़रूरत पड़ने पर सुरक्षित रक्त मिल सके। यह भी देखा गया है कि जब लोगों ने अपना रक्तदान किया है, तो उन्हें कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुए हैं। रक्तदान करने वाले ज्यादातर लोग अपनी बीमारियों से जल्दी ठीक हो जाते हैं और लंबी उम्र जीते हैं, यह वजन घटाने, स्वस्थ लीवर और आयरन के स्तर को बनाए रखने, दिल के दौरे और कैंसर के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षित रक्त और प्लाज्मा दान की निरंतर आवश्यकता के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना, दानकर्ताओं के सकारात्मक प्रभाव पर जोर देना, तथा राष्ट्रीय रक्त कार्यक्रमों में निवेश करने और उन्हें बनाए रखने के लिए सरकारों और विकास भागीदारों से समर्थन जुटाना है।

भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद रक्तदान में काफी पीछे है। रक्त की कमी को खत्म करने के लिए विश्व भर में रक्तदान दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के तहत भारत में सालाना एक करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत है लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। यानी करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल हजारों मरीज दम तोड़ देते हैं। यह अकारण नहीं कि भारत की आबादी भले ही डेढ़ अरब पहुंच गयी हो, रक्तदाताओं का आंकड़ा कुल आबादी का एक प्रतिशत भी नहीं पहुंच पाया है। वहीं दुनिया के कई सारे देश हैं जो इस मामले में भारत को काफी पीछे छोड़ देते हैं। मालूम हो कि नेपाल में कुल रक्त की जरूरत का 90 फीसदी स्वैच्छिक रक्तदान से पूरा होता है तो श्रीलंका में 60 फीसदी, थाईलेण्ड में 95 फीसदी, इण्डोनेशिया में 77 फीसदी और अपनी निरंकुश हुकूमत के लिए चर्चित बर्मा में 60 फीसदी हिस्सा रक्तदान से पूरा होता है।

रक्तदान को लेकर विभिन्न भ्रांतियां समाज में परिव्यपात्त है। रक्त की महिमा सभी जानते हैं। रक्त से आपकी जिंदगी तो चलती ही है साथ ही कितने अन्य के जीवन को भी बचाया जा सकता है। भारत में अभी भी बहुत से लोग यह समझते हैं कि रक्तदान से शरीर कमजोर हो जाता है और उस रक्त की भरपाई होने में महीनों लग जाते हैं। इतना ही नहीं यह गलतफहमी भी व्याप्त है कि नियमित रक्त देने से लोगों की रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होती है और उसे बीमारियां जल्दी जकड़ लेती हैं। यहाँ भ्रम इस कदर फैला हुआ है कि लोग रक्तदान का नाम सुनकर ही सिहर उठते हैं। भारतीय रेडक्रास के अनुसार देश में रक्तदान को लेकर भ्रांतियाँ कम हुई हैं पर अब भी काफी कुछ किया जाना बाकी है। किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता क्यों होती है इसके विभिन्न कारण हैं। एक बीमारी, दुर्घटना असाध्य ओपरेशन कुछ भी हो सकती है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है।

रक्तदान करते हुए डोनर के शरीर से केवल 1 यूनिट रक्त ही लिया जाता है। एक बार रक्तदान से आप 3 लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। ब्लड डोनेशन की प्रक्रिया काफी सरल होती है और रक्त दाता को आमतौर पर इसमें कोई तकलीफ नहीं होती हैं। रक्त दाता का वजन, पल्स रेट, ब्लड प्रेशर, बॉडी टेम्परेचर आदि चीजों के सामान्य पाए जाने पर ही डॉक्टर्स या ब्लड डोनेशन टीम के सदस्य आपका ब्लड लेते हैं। पुरुष 3 महीने और महिलाएं 4 महीने के अंतराल में नियमित रक्तदान कर सकती हैं। यदि आप स्वस्थ हैं, आपको किसी प्रकार का बुखार या बीमारी नहीं हैं, तो ही आप रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान खुशी देने एवं खुशी बटोरने का एक जरिया है। एक चीनी कहावत- पुष्प इकट्ठा करने वाले हाथ में कुछ सुगंध हमेशा रह जाती है। जो लोग दूसरों की जिंदगी रोशन करते हैं, उनकी जिंदगी खुद रोशन हो जाती है। रक्तदान ऐसा पुण्य है जो किसी को नयी जिन्दगी देता है तो खुद को भी खुशी का अहसास कराता है।

रक्तदान पूरे विश्व में मनाये जाने वाले महत्वपूर्ण दिवसों में से एक है। कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह रक्तदान कर सकता है। भारत महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में रक्तदान की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर रक्तदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। इस तरह रक्तदान करने से एक प्रेरणादायी शक्ति पैदा होती है, जो अद्भुत होती है, यह ईश्वर के प्रति सच्ची प्रार्थना है। इस तरह की उदारता व्यक्ति की महानता का द्योतक है, जो न केवल आपको बल्कि दूसरे को भी प्रसन्नता, जीवनऊर्जा एवं जीवन प्रदान करती है। (लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं)

## वर्ग पहेली 5762



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 18 जुलाई 1996 को वर्तमान दौर की इस महिला क्रिकेट खिलाड़ी ने जन्म लिया (5)
5. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी लीमा है (2)
7. भास्कर, रवि, दिनपति, सूर्य (4)
9. एक प्रकार का रासायनिक द्रव्य, शुद्ध वायु (3)
11. इसे उर्दू में हिना कहते है, रंजिका (3)
12. लार, वार्निश, साल (2)
13. पदचिन्ह, चरण, कदंब (3)
15. अकुलीनता, अधमता, दर्जुनता (3)
17. पटना से करीब 90 किमी दूर जहां तिल आदि से श्राद्ध करने से चार महापातकों से मुक्ति होती है (2)
18. क्रिकेट से संबंधित एक शब्द (2)
19. अनुभवी, प्रवीण, सतर्क (4)
22. घेराबंदी, सीमातिकरण करना (3)
23. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)

**ऊपर से नीचे**

1. एक भारतीय टीवी अभिनेत्री व वर्तमान दौर की भाजपा महिला नेत्री (5)
2. उपासना गृह, देवालय, इबादतगाह (3)
3. तृणजाति का एक पौधा जिनके बीज से चावल निकलते है (2)
4. परेशान होना, छकना, तंग आना (7)
6. पसंदगी, इच्छा, दिलचस्पी (2)
8. करूणा, दया, तरस (3)
10. पृथ्वी पर विचरने वाले प्राणी (4)
14. हवा, सचल वायु, अलमस्त हव, नसीम (3)
16. मुगल सम्राट अकबर के एक दरबारी रत्न जिनका मूल नाम रामतनु पाण्येय था (4)
17. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट से स्थित देश जिसकी राजधानी जॉर्जटाउन है (3)
20. शिकायत, उपालंभ, गिला (3)
21. जो रिश्तें में माता की बहन पति हों (2)

### वर्ग पहेली 5761 हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | न | लैं | ड | | ता | ह | द |
| रो | | शि | ल | म | | वा | र |
| जा | व | क | | र | क | म | |
| बा | ल | | | ह | ला | ह | ल |
| द | या | लु | | म | | ल | ट |
| | का | | च | | ज | | क |
| स | र | का | र | | मै | दा | न |
| र्द | | | स | र | का | ना | |

# विवाहिता के हिंसक होने की वजह समझें

(मेघा राठी)

मुस्कान, रविता और अब सोनम- बीते कुछ वर्षों में ऐसे कई नाम सामने आए हैं, जिन्होंने समाज को झकझोर दिया है। ये वे महिलाएं हैं, जिन्होंने अपने पति की हत्या कर दी। कभी प्रेम में विफलता, कभी घरेलू कलह, तो कभी किसी अनकही मनोव्यथा के कारण। सवाल यह है कि क्या स्त्रियां अब हिंसक हो रही हैं या यह किसी गहरे सामाजिक, मानसिक और वैयक्तिक तनाव का विस्फोट है? आज की स्त्री शिक्षित है, आत्मनिर्भर है और निर्णय लेने में सक्षम भी। यह परिवर्तन स्वागत योग्य है। मगर समाज उसे अधिकार तो देता है, पर जब मानसिक या भावनात्मक सुरक्षा नहीं देता, तो वह न टकराव से बच पाती है, न ही खुद से। कई बार यह आंतरिक तनाव घातक बन जाता है।विवाह से पूर्व प्रेम संबंध सामान्य बात है, लेकिन यदि वह संबंध टूटता है और विवाह पारिवारिक-सामाजिक दबाव में होता है, तो भावनात्मक असंतुलन गहराता है। अगर पति-पत्नी के बीच सम्मान, संवाद और संवेदनशीलता न हो, तो स्त्री के भीतर का आक्रोश कभी-कभी अकल्पनीय निर्णय ले लेता है। कभी-कभी अपराध का कारण केवल भावनात्मक नहीं होता, भौतिक भी हो सकता है। विवाह के बाद महिलाओं को पति की संपत्ति में कानूनी अधिकार मिल जाते हैं। दुर्भाग्यवश, कुछ मामलों में यह लालच भी कारण बनता है, बिना अंजाम की चिंता किए। आज की जीवनशैली में व्यक्तिगत इच्छाओं की पूर्ति को ही सफलता मान लिया गया है। जब यह मानसिकता रिश्तों में उतरती है, तो सामने वाला केवल बाधा बन जाता है।भारत में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कानून हैं- जैसे दहेज निषेध, घरेलू हिंसा अधिनियम इत्यादि। मगर जब स्त्रियां इन कानूनों का दुरुपयोग करती हैं या फिर आर्थिक लाभ के लिए अपराध करती हैं, तो यह न केवल कानून को कमजोर करता है, बल्कि सच्चे पीड़ित के संघर्ष को भी कमजोर करता है। कई बार हत्या जैसे अपराध के पीछे वजह अकेलापन या बचपन की मानसिक चोट होती है। हम अब भी मानसिक स्वास्थ्य को कलंक समझते हैं, विशेषकर जब वह स्त्रियों से जुड़ा हो। यह चुप्पी किसी दिन विस्फोटक बन सकती है। हालांकि, भारत में दर्ज गंभीर अपराधों में महिलाओं की हिस्सेदारी अब भी पुरुषों की तुलना में बहुत कम है। मगर महिला अपराधों में वृद्धि का कारण भावनात्मक विफलता, सामाजिक दबाव और मानसिक रोग भी बताया गया है। ऐसे में, समाज को चाहिए कि वह संवाद को बढ़ावा दे, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे और स्त्री-पुरुष, दोनों के संघर्षों को 'समझे', न कि 'आंके'।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन शुभ है और आपकी कर्मठता और आत्मविश्वास करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करेगा। यदि आप इंजीनियरिंग, निर्माण, सुरक्षा या सरकारी सेवा से जुड़े हैं तो कोई नई जिम्मेदारी या सम्मान मिल सकता है। कार्यस्थल पर वाद-विवाद से दूर रहें, आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन आ सकता है।

### वृष

आज दिन बेहद अनुकूल है। खासतौर पर वे जातक जो प्रॉपर्टी, फैशन, खाद्य या विलासिता वस्तुओं के व्यापार से जुड़े हैं उन्हें नये कॉन्ट्रैक्ट या कस्टमर मिल सकते हैं। राजनीति और प्रशासन से जुड़े लोगों को मान-सम्मान प्राप्त होगा।

### मिथुन

आज भा?य साथ दे रहा है। आपकी निर्णय क्षमता और वाक्पटुता करियर में विशेष लाभ दिला सकती है। संचार, मीडिया, मार्केटिंग और शिक्षा से जुड़े जातकों के लिए दिन भाग्यवर्धक है। कोई नया प्रॉजेक्ट या क्लाइंट मिलने से आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

### कर्क

आज भा?य साथ दे रहा है। चंद्रमा की स्थिति आपके लिए भाग्यशाली सिद्ध हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी और आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उच्च पद पर बैठे व्यक्तियों से मुलाकात आपके लिए दीर्घकालिक लाभकारी हो सकती है।

### सिंह

आज भाग्य साथ दे रहा है। समय पर निर्णय लेना आपको आर्थिक रूप से आगे बढ़ा सकता है। यदि आप बहुत सोच-विचार में लगे रहेंगे, तो कोई और अवसर आपके हाथ लग सकता है। ऑफिस में पदोन्नति या अतिरिक्त प्रॉजेक्ट मिल सकता है। व्यापार में जल्दीबाजी नुकसानदेह हो सकती है, लेकिन यदि आप सौदे में जल्दी निर्णय लेंगे तो लाभ होगा।

### कन्या

आजदिन तरक्की से भरा होगा। यदि आप किसी प्रस्तावित साझेदारी या प्रेम प्रस्ताव के बारे में सोच रहे हैं, तो आर्थिक और पेशेवर स्तर पर उसका मूल्यांकन करें। कार्यस्थल पर बदलाव के संकेत हैं और आपको नई जिम्मेदारियां या नया विभाग मिल सकता है। अपने कौशल को अपडेट करना जरूरी होगा।

### तुला

आज दिन कार्यस्थल पर चुनौतीपूर्ण हो सकता है। गलतफहमियों के कारण किसी परियोजना में बाधा उत्पन्न हो सकती है। बुद्धि से लिए गए निर्णयों में थोड़ी त्रुटि हो सकती है। व्यापार में पुराने कर्ज या टैक्स संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। धन की आवक सामान्य रहेगी लेकिन खर्च अनियंत्रित हो सकते हैं।

### वृश्चिक

आज दिन सफलता से भरा होगा। यदि आप नौकरी बदलना चाहते हैं या नया बिजनस प्लान कर रहे हैं, तो दिन शुभ है। विशेषकर यदि किसी जानकार या नेटवर्क के माध्यम से अवसर मिल रहा हो। धन की प्राप्ति के योग हैं, लेकिन साथ ही निवेश में सावधानी भी जरूरी है। व्यापार में कोई रुका हुआ ऑर्डर आगे बढ़ सकता है।

### धनु

आज भाग्य साथ दे रहा है। समय पर निर्णय लेना आपको आर्थिक रूप से आगे बढ़ा सकता है। यदि आप बहुत सोच-विचार में लगे रहेंगे, तो कोई और अवसर आपके हाथ लग सकता है। ऑफिस में पदोन्नति या अतिरिक्त प्रॉजेक्ट मिल सकता है। व्यापार में जल्दीबाजी नुकसानदेह हो सकती है, लेकिन यदि आप सौदे में जल्दी निर्णय लेंगे तो लाभ होगा।

### मकर

आज व्यवसायिक दृष्टिकोण से दिन शुभ है। जो लोग तकनीकी, निर्माण, कृषि या खनिज क्षेत्र से जुड़े हैं उनके लिए लाभ के अवसर सुलभ होंगे। नौकरी में आपके कौशल और अनुशासन की सराहना होगी। अधीनस्थ कर्मचारियों से अच्छा सहयोग प्राप्त होगा, जिससे काम समय पर पूर्ण होंगे।

### कुंभ

आज योजनाएं सफल होंगी। लंबे समय से प्रतीक्षित तरक्की या नौकरी में बदलाव का संकेत मिल सकता है। पदोन्नति या नई भूमिका से आपके वेतन और जिम्मेदारियों दोनों में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक रूप से दिन सकारात्मक है। खासकर यदि आपने हाल में किसी योजना में निवेश किया हो। शेयर या क्रिप्टो में निवेश से लाभ के योग हैं लेकिन जोखिम के साथ। किसी पुराने क्लाइंट से दोबारा संपर्क हो सकता है।

### मीन

आज करियर के मामले में दिन सामान्य रहेगा। आप अपनी योजनाओं के अनुसार काम करते रहेंगे। आप किसी सभा, इवेंट या मीटिंग में हिस्सा ले सकते हैं जो आपकी पर्सनल ब्रांडिंग के लिए फायदेमंद रहेगा। कोई नया कॉन्ट्रैक्ट या क्लाइंट आपकी तरफ आकर्षित हो सकता है। करियर में आगे बढ़ने के लिए नेटवर्किंग आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी के तीन महीने बाद धोखा, घुमाने ले जा रहा पति पानी पीने गया तो पत्नी प्रेमी संग भागी

**अलीगढ़, एजेंसी।** यूपी के अलीगढ़ में एक पत्नी अपने पति को छोड़कर प्रेमी संग भाग गई। पति को इसकी भनक भी नहीं हो सकी कि पत्नी का कहीं अफेयर चल रहा है। पति शादी के तीन महीने बाद पत्नी के साथ घूमने गया। इसी बीच पत्नी का प्रेमी भी रास्ते में उन्हें मिला और पति को चकमा देकर पत्नी प्रेमी के संग फरार हो गई। बताया जा रहा है कि अलीगढ़ में अकराबाद के थाना विजयगढ़ क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक की पत्नी अपने पति को चकमा देकर प्रेमी के साथ रफूचक्कर हो गई। पीड़ित ने थाने पहुंच कर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित युवक ने मामले के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि तीन माह पूर्व उसकी शादी थाना हरदुआगंज क्षेत्र की रहने वाली युवती के साथ हुई थी। बुधवार को वह पत्नी को ससुराल घुमाने ले जा रहा था। इसी दौरान उसे प्यास लगी तो पर्नेठी के पास वह नल पर पानी पीने चला गया। इतने में ही एक युवक वहां आया और युवक की पत्नी से कुछ कहा। तभी पत्नी उसके साथ बाइक पर पीछे बैठकर रफूचक्कर हो गई है। पति पानी पीकर लौटा लेकिन पत्नी नहीं दिखी। पति के इधर-उधर काफी तलाश करने पर दोनों का पता नहीं चला। पीड़ित युवक ने बृहस्पतिवार को अकराबाद थाने पहुंच कर पुलिस से पत्नी को खोजने में मदद करने की गुहार लगाई है। पति का कहना है कि पुलिस उसकी पत्नी को खोजकर उसके पास वापस भेज दे। वहीं, पत्नी के मायके वालों को भी इसकी जानकारी दी गई है। पुलिस का कहना है कि पति की तहरीर के आधार पर मामले में जांच शुरू कर महिला की तलाश की जा रही है।

### यूपी में राशन कार्ड विहीन परिवारों को बड़ी राहत, अब आसानी से पा सकेंगे योजनाओं का लाभ

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में फैमिली आईडी दर्ज ब्योरे में अब ऑनलाइन बदलाव किया जा सकेगा। इसमें नए नाम जोड़े जा सकेंगे और मृत्यु या विवाह के कारण परिवार में पहले से दर्ज नाम हटाए जा सकेंगे। इससे राशन कार्ड विहीन परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और वह भी आसानी से फैमिली आईडी के जरिए सरकारी योजनाओं का लाभ पा सकेंगे। असल में लाभार्थीपरक योजना के बेहतर प्रबंधन व पारदर्शी संचालन के लिए यूपी सरकार यहां रहने वालों के लिए फैमिली आईडी योजना संचालित कर रही है। इसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित लगभग 3.60 करोड़ राशन कार्ड धारक परिवारों के 15.07 करोड़ सदस्यों के लिए उनकी राशन कार्ड संख्या को ही फैमिली आईडी माना गया है। गैर-राशन कार्ड धारकों के लिए वेब पोर्टल के जरिए वह अपने परिवार के विवरण को संशोधित करा सकते हैं। पहले विवरण में संशोधन की व्यवस्था न थी। फैमिली आईडी पोर्टल के माध्यम से फैमिली आईडी धारक परिवार द्वारा पूर्व में दर्ज परिवार विवरण को फैमिली आईडी पोर्टल के माध्यम से संशोधित करने के लिए आवेदन की व्यवस्था की गई है। इसमें आनलाइन आवेदन के लिए परिवार एवं परिवार के सदस्यों का सत्यापन शहरी क्षेत्रों में उप-जिलाधिकारी द्वारा संबंधित लेखपाल के माध्यम से कराया जाएगा।

### मऊ में पुलिस ने दूध के टैंकर में छिपाई गई 10 लाख रुपये की शराब पकड़ी

**मऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले मेंपुलिस ने दूध के टैंकर में छिपाकर बिहार ले जायी जा रही करीब 10 लाख रुपये कीमत की अवैध शराब पकड़ी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 लाख रुपये से अधिक की कीमत की शराब की यह खेप मऊ पुलिस ने शुक्रवार को गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग के पास विशेष जांच अभियान के दौरान पकड़ी। इस खेप के साथ बिहार के बक्सर जिले के दो लोगों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि वाहन का चालक भागने में सफल रहा और फिलहाल उसका पता लगाया जा रहा है। मऊ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) इलामारन जी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह मऊ पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है। शराब को दूध के टैंकर के एक डिब्बे के अंदर छिपाया गया था। पुलिस ने एक गुप्त सूचना पर तुरंत कार्रवाई की और 10 लाख रुपये से अधिक की शराब जब्त की।

### जूडो कोच पर यौन उत्पीड़न के आरोप वाली याचिका पर 16 जून को होगी सुनवाई

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय नेजूडो कोच पर यौन उत्पीड़न के आरोप वाली याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 16 जून की तारीख तय की है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी तथा न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने की। मामले के अनुसार, देहरादून निवासी 19 वर्षीय प्रशिक्षु जूडो खिलाड़ी ने अपनी याचिका में कहा है कि वह जूडो-कराटे की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी है और देहरादून में पिछले सात साल से सविता गुरूंग से प्रशिक्षण ले रही है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि 2024 में उसे भोपाल में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण के लिए चुना गया। हालांकि, जूडो खिलाड़ी ने कहा कि उसे भोपाल जाने की अनुमति देने की बजाय सविता गुरूंग ने उसे उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक अन्य प्रशिक्षक सतीश शर्मा के पास भेज दिया। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि 12 मार्च 2023 को प्रशिक्षण के दौरान सतीश शर्मा उसे अपने फार्म हाउस ले गया।

# केदारनाथ का दर्शन करने वालों की संख्या 10 लाख के पार हुई

## मंदिर में आरती के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी

**केदारनाथ , एजेंसी।** इन दिनों पवित्र केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जो अपनी आध्यात्मिक भावनाओं को व्यक्त करने के लिए यहां आ रहे हैं। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए पहुंच चुके हैं। हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु चुनौतीपूर्ण पहाड़ी रास्ते को पार कर बाबा केदारनाथ के चरणों में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। शाम की आरती में धाम में हजारों श्रद्धालु एक साथ आते हैं, जिससे मंदिर परिसर भक्ति और दिव्यता से भर जाता है। हर तरफ हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है।

इस बार यात्रा में प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए टोकन सिस्टम लागू किया है, जिससे श्रद्धालुओं को कम समय में दर्शन का लाभ मिल रहा है। बाबा केदारनाथ के कपाट दो मई को आम श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे और तब से अब तक रिकॉर्ड संख्या में भक्त दर्शन कर चुके हैं। इस समय केदारनाथ धाम में मौसम की भी कई कठिनाइयां देखने को मिल रही है। इसके बाद भी केदारनाथ में भारी भीड़ हो



रही है। प्रशासन ने पैदल मार्ग, टेंट, स्वास्थ्य व सुरक्षा संबंधित सुविधाओं को बेहतर बनाया है। इससे हर श्रद्धालु को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। दो मई को केदारनाथ के कपाट खुलेंगे इसके बाद अबतक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच कर दर्शन कर चुके है। लोगों की आस्था में किसी तरह की कमी नहीं देखने को मिल रही है। हर दिन हजारों की संख्या में भक्त केदारनाथ पहुंच रहे है।

शाम की आरती में भी भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे है। अब गर्भगृह तक पहुंचने में भी लोगों को कम समय लग रहा है। व्यवस्था अच्छी होने से दर्शन करने का समय काफी कम हुआ है। बता दें कि इन दिनों मंदिर दिन-रात खुला हुआ है। भक्त लगातार बाबा के दर्शन करने पहुंच रहे है।

### शनि शिंगणापुर मंदिर से निकाले गए 114 मुस्लिम कर्मचारी

**नासिक, एजेंसी।** महाराष्ट्र के अहमदनगर ( अब अहिल्यानगर ) जिले स्थित प्रसिद्ध शनि शिंगणापुर मंदिर के ट्रस्ट श्री शनैश्चर देवस्थान ने हाल ही में 167 कर्मचारियों को अनुशासनात्मक कारणों से नौकरी से हटा दिया है। हटाए गए कर्मचारियों में से 114 यानी करीब 68प्रतिशत मुस्लिम हैं। हालांकि ट्रस्ट ने अपने आधिकारिक बयान में धार्मिक आधार पर भेदभाव से इनकार किया है और बताया कि यह कदम कर्मचारियों के खराब प्रदर्शन और लंबे समय से अनुपस्थित रहने के कारण उठाया गया है। यह छटनी दो चरणों में की गई है। पहले चरण में 8 जून को इन्हें नौकरी से निकाला गया। दूसरा चरण 13 जून को संपन्न हुआ। ये कर्मचारी पिछले 2 से 10 वर्षों से मंदिर ट्रस्ट से जुड़े हुए थे। इस कार्रवाई से पहले सकल हिंदू समाज नामक संगठन ने 14 जून को प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। संगठन ने मंदिर परिसर में गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटाने की मांग की थी। आपको बता दें कि मई महीने का एक वायरल वीडियो में एक व्यक्ति मंदिर में पेंटिंग का काम करता दिख रहा है। ऐसा कहा जाता है कि वह हिंदू नहीं है। देवस्थान के सीईओ गोरक्षनाथ दरांदले ने सफाई देते हुए कहा, इस कार्रवाई में किसी प्रकार का धार्मिक भेदभाव नहीं किया गया है।

## ईरान पर इजरायल का हमला एक और बेशर्मी भरा कदम है : महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर, एजेंसी।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने



शुक्रवार को इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले को एक बेशर्मी भरा कृत्य करार दिया है। उन्होंने कहा कि इजरायल अब एक ऐसा राष्ट्र बन चुका है जो बेकाबू और बेलगाम नजर आता है। महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, ईरान पर इजरायल का हमला एक और बेशर्मी भरा कदम है, जो यह दिखाता है कि वह एक ऐसा राष्ट्र बन चुका है जो अब पूरी तरह से बेलगाम हो गया है। वैश्विक समुदाय, विशेषकर अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों की चुप्पी न केवल चिंताजनक है, बल्कि बहुत कुछ बयान करती है। यह चुप्पी एक तरह से मौन स्वीकृति है। बताते चलें कि शुक्रवार सुबह इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान पर हमला किया, जिसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया गया। यह हमला ईरान और इराक के 1980 के दशक के युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है, जिससे मध्य-पूर्व में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है। महबूबा मुफ्ती ने अमेरिका की दोहरी नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी के वक्त अमेरिका अक्सर हस्तक्षेप कर उसे टालने का श्रेय लेता है, लेकिन जब बात गाजा में इजरायल की लगातार बमबारी की हो या अब ईरान पर उसके हमले की, तब वही अमेरिका और उसके सहयोगी देश चुप्पी साध लेते हैं। उन्होंने कहा, इन दोहरे मापदंडों से वैश्विक शांति और स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। महबूबा ने मुस्लिम देशों की चुप्पी को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, इस भयावह अन्याय के सामने तथाकथित मुस्लिम देशों की चुप्पी बेहद परेशान करने वाली है। उनका निष्क्रिय बने रहना केवल निराशाजनक नहीं है, बल्कि उन मूल्यों और कारणों से विश्वासघात है।

## उदयपुर पूर्व सांसद के पीएचडी होल्डर बेटे ने की खुदकुशी, घर में लगाया फंदा

**उदयपुर, एजेंसी।** उदयपुर के मल्लातलाई इलाके में शनिवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब पूर्व सांसद महावीर भगोरा के बेटे आशीष भगोरा ने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही अंबामाता थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आशीष ने घर में फंदा लगाकर जान दी। वह उच्च शिक्षित थे और पीएचडी होल्डर बताए जा रहे हैं। घटना उदयपुर के एकलव्य कॉलोनी स्थित भगोरा परिवार के निजी आवास पर हुई। सुबह जब परिजनों ने आशीष को नहीं देखा तो तलाश शुरू की गई। इसके बाद उन्हें एक कमरे में फांसी पर लटका पाया गया। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों और रिश्तेदारों के मुताबिक, आशीष पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान थे, हालांकि इसकी पुष्टि अब तक पुलिस या परिजनों द्वारा नहीं की गई है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। अंबामाता थाना अधिकारी के अनुसार, कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# हिमाचल प्रदेश में बदली स्कूलों की टाइमिंग, मिलेंगे अतिरिक्त ब्रेक

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षा निदेशालय ने ग्रीष्मकालीन विद्यालयों के समय में बदलाव किया है। विशेषकर जिला कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, सोलन जिले के बीबीएन क्षेत्र और सिरमौर जिले के पांवटा साहिब और नाहन जैसे क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसी विकट परिस्थितियों में छात्रों और शिक्षकों को लू और तेज धूप का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी सेहत और पढ़ाई पर असर पड़ रहा है।

**बदलाव तुरंत प्रभाव से लागू :** शिक्षा निदेशालय द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार, इन गर्मी प्रभावित इलाकों में स्कूलों के समय को सुबह 7 : 30 बजे से दोपहर 1 : 00 बजे तक निर्धारित किया गया है। यदि आवश्यक हो तो संबंधित जिलों के



उपायुक्त या उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) इस संबंध में और निर्देश जारी कर सकते हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह बदलाव तुरंत प्रभाव से लागू होगा और इसका उद्देश्य छात्रों को गर्मी के दुष्प्रभाव से बचाना है।

**प्रार्थना सभा को संक्षिप्त करने के आदेश :** आदेश में विशेष रूप से यह भी निर्देश दिए गए हैं कि गर्म मौसम के चलते छात्रों को मैदान में खेलने की अनुमति न दी जाए। साथ ही सुबह की प्रार्थना सभा को संक्षिप्त करने को कहा गया है ताकि छात्र अधिक समय तक धूप में न रहें और उनका शरीर ज्यादा गर्मी से प्रभावित न हो। यह निर्णय बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए लिया गया है ताकि वे स्कूल समय के दौरान सुरक्षित और स्वस्थ रहें।

**सभी स्कूलों को निर्देश :** इसके अलावा शिक्षा निदेशालय ने सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि छात्रों को दो अतिरिक्त पीने के पानी के ब्रेक अनिवार्य रूप से दिए जाएं। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि बच्चे पूरी तरह से हाइड्रेटेड रह सकें और गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे लू, डिहाइड्रेशन आदि से बचाव हो सके।

**2 दिन लू का येलो अलर्ट :** इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी ऊना, मंडी, कुल्लू और कांगड़ा जिला में लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि राहत की बात ये है कि अधिकतर इलाकों में अंधड़, बारिश व ओले गिरने का भी अलर्ट जारी किया गया है, जिससे गर्मी के कहर से राहत मिलेगी। 15 से 17 जून तक राज्य में बादलों के बरसने और अंधड़ चलने व बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है।

## जो भी पवित्र स्थलों को अपवित्र करने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी : हिमंत सरमा

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के धुबरी शहर में एक मंदिर के पास लगातार मिल रहे मवेशियों के कटे सिरों के बाद उत्पन्न सांप्रदायिक तनाव पर कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार ने रात के समय देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शुक्रवार को यह घोषणा की और साथ ही राज्य में धार्मिक स्थलों के अपमान पर जीरो टॉलरेंस नीति की बात दोहराई। यह निर्णय ईद-उल-अजहा (बकरीद) के बाद उत्पन्न घटनाक्रमों के चलते लिया गया, जब 7 जून को धुबरी के हनुमान मंदिर के पास एक गाय का सिर मिला। अगले दिन फिर से मंदिर परिसर के पास इसी तरह की एक और घटना हुई, जिससे शहर में तनाव बढ़ गया। इसके साथ ही रात में पथराव की घटनाएं भी सामने आईं।

मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, जो भी मंदिरों और पवित्र स्थलों को अपवित्र करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ हमारी सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। अगर कोई पत्थर फेंकता है और पुलिस



को उसके इरादों पर शक होता है, तो उसे गोली मारने के आदेश हैं। भारी सुरक्षा बल तैनात तनाव को देखते हुए तेज कार्रवाई बल और केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल को इलाके में तैनात किया गया है। पहले लागू की गई धारा 144 को अस्थायी रूप से हटाया गया था, लेकिन हालात को देखते हुए सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। 'बीफ माफिया' और पोस्टर विवाद मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एक 'बीफ माफिया' पश्चिम बंगाल से हजारों की संख्या में गायें धुबरी लाया, ताकि बकरीद के मौके पर काट सके। उन्होंने इसे एक नए आपराधिक नेटवर्क की साजिश बताया और जांच के आदेश दिए। इसके अलावा उन्होंने एक संगठन 'नवीन बंगला' द्वारा लगाए गए पोस्टरों का भी जिक्र किया, जिसमें धुबरी को बांग्लादेश से जोड़ने की बात की गई थी। सरमा ने इसे राज्य की अखंडता को चुनौती देने की कोशिश बताया। मुख्यमंत्री का सख्त संदेश मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर भविष्य में भी ऐसी घटनाएं होती हैं तो वे स्वयं धुबरी आकर ईद जैसे पर्वों पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा, हम किसी भी समुदाय को राज्य में अराजकता फैलाने की अनुमति नहीं देंगे। धुबरी हमारे हाथ से नहीं जा सकता। कानून अपना काम करेगा और अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। धुबरी में फिलहाल तनाव बना हुआ है, और प्रशासन द्वारा निगरानी ड्रोन, सीसीटीवी, और रात्री गश्त के जरिए हालात पर नजर रखी जा रही है।

## विमान हादसे में जान गंवाने वाली नर्स पर आपत्तिजनक पोस्ट, केरल का अधिकारी निलंबित

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में एक सरकारी कर्मचारी को फेसबुक पर केरल की एक नर्स के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस नर्स की अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। कासरगोड जिले के वेल्लारीकुंडु तालुक कार्यालय में जूनियर अधीक्षक ए पवित्रन को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने पतनमथिट्टा की नर्स रंजीता का मजाक उड़ाया था, जो दुर्घटना में मारे गए लोगों में शामिल थीं। फेसबुक पोस्ट में, राज्य के राजस्व मंत्री के राजन ने पवित्रन की टिप्पणी को 'अपमानजनक' बताया। उन्होंन कहाकि पोस्ट उनके ध्यान में आने के तुरंत बाद निलंबन आदेश जारी कर दिया गया।

**ब्रिटेन में करती थीं काम :** दो बच्चों की मां रंजीता ब्रिटेन में नर्स के रूप में काम कर रही थीं। वह विदेश में कुछ समय बिताने के बाद फिर से सरकारी सेवा में शामिल होने की योजना के साथ अपनी नौकरी से संबंधित औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर केरल आई थीं। इस बीच, राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज पतनमथिट्टा जिले के पुल्लाड में रंजीता के घर पहुंचीं और उनके दो रोते हुए बच्चों और शोकाकुल परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। गौरतलब है कि एअर इंडिया का लंदन जा रहा विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान



भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गई। कंपनी के मुताबिक विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो चुकी है। बयान में कहा गया है कि एकमात्र जीवित व्यक्ति भारतीय मूल का ब्रिटिश नागरिक है। उसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। शवों की शिनाख्त में मुश्किल हादसे में शव इतने जल चुके हैं कि उनकी शिनाख्त करना जटिल है। इस हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने भी अपनी जान गंवा दी। पुलिस उपायुक्त कानन देसाई ने कहाकि घटनास्थल से मलबा हटाने का काम रातभर जारी रहा।

# छत्तीसगढ़ : कांग्रेस का एक कार्यालय अटैच, ईडी का पूर्व मंत्री कवासी लखमा पर भी ऐक्शन

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) ने सुकमा जिला मुख्यालय में बने कांग्रेस भवन को अटैच कर दिया है। देश में किसी राजनीतिक दल का यह पहला कार्यालय होगा, जिसे प्रवर्तन निदेशालय ने अटैच किया है। जांच के दौरान एजेंसियों को यह पता चला था कि सुकमा में कांग्रेस भवन का निर्माण शराब घोटाले के पैसे से हुआ था। इसके साथ ही तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा के बेटे हरीश कवासी का सुकमा में बना मकान और रायपुर में कवासी लखमा का मकान भी अटैच किया है।

कांग्रेस भवन पर लगाया ताला ईडी ने सुकमा के कांग्रेस भवन पर ताला लगा दिया है। कांग्रेस ने इसे सियासी साजिश बताया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) ने बड़ा एक्शन लेते हुए कांग्रेस नेता और जेल में बंद पूर्व कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा की 6 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच कर दी है। ईडी की इस कार्रवाई में सुकमा स्थित कांग्रेस कार्यालय भवन को भी अटैच किया गया है, जो लखमा परिवार के स्वामित्व में बताया जा रहा है।

**अचल संपत्तियों में किया था निवेश :** अटैच की गई संपत्तियों में सुकमा स्थित बहुमूल्य भूमि, भवन





और बैंक खातों में जमा राशि भी शामिल है, जिसे ईडी ने जब्त किया है। बता दें कि ईडी ने कवासी लखमा को प्रोटेक्शन मनी के तौर पर हर महीने दो करोड़ रुपये मिलने की बात पहले ही कह चुकी है। जेल में बंद हैं पूर्व मंत्री कवासी लखमा बता दें कि पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा आबकारी घोटाले में जेल में बंद हैं। उनके बेटे हरीश लखमा की संपत्तियों पर की गई इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। ईडी के अनुसार हरीश लखमा पर अपने पिता के प्रभाव का इस्तेमाल कर सरकारी शराब ठेकों और टेंडर प्रक्रिया में घोटाला करने के आरोप हैं। सियासत गर्म इसके साथ ही राजनीतिक गलियारों में भी खलबली मच गई है। कांग्रेस ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार के निर्देश पर केंद्रीय एजेंसियां अपनी सीमाओं को लांघ रही है। आज सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय को ईडी ने अटैच किया है। यह भाजपा के राजनीतिक षड़यंत्र का हिस्सा है। कांग्रेस पार्टी अपनी आय का एक-एक पाई का हिसाब दे देगी। क्या ईडी 150 करोड़ की लागत से बने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर और 500 करोड़ के आरएसएस कार्यालय का हिसाब लेगी।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

# जागरूकता गतिविधियों एवं सेचुरेशन शिविर के संबंध में टाउन हाल में प्रशिक्षण आज

**पन्ना।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत पन्ना जिले के चिन्हांकित 108 ग्रामों में निवासरत जनजातीय समुदाय को विभिन्न योजनाओं में शत-प्रतिशत हितग्राहीवार सेचुरेशन के उद्देश्य से 15 से 30 जून तक शिविर लगाए जाएंगे। इसके जरिए हितग्राहियों को भारत सरकार की योजनाओं जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास, समग्र ई-केवायसी, 70 से अधिक उम्र के हितग्राहियों का आयुष्मान भारत कार्ड, वृद्धा, विकलांग एवं विधवा पेंशन, मनरेगा के तहत रोजगार, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, मातृत्व वंदना योजना, टीकाकरण के लाभ सहित सिकल सेल रोग परीक्षण का लाभ भी मिल सकेगा।

जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने बताया कि अभियान में जागरूकता व शिविर के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य से शनिवार, 14 जून को सुबह 11 बजे टाउन हाल पन्ना में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इसमें संबंधित विभाग द्वारा ड्यूटी लगाए गए कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जरूरी जानकारी और दिशा निर्देशों के साथ प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर द्वारा पूर्व में विकासखण्डवार एवं ग्राम पंचायतवार शिविर स्थलों का निर्धारण किया जा चुका है। शिविर में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता, आजीविका मिशन के कर्मचारियों सहित कृषि एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

## आकांक्षा योजना अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए 24 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आकांक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में जी, नीट एवं क्लैट की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षा 10वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण एवं वर्तमान में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके तहत भोपाल में जी प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग के लिए 400 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इसी तरह इंदौर में नीट तथा जबलपुर में क्लैट प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग के लिए 200-200 विद्यार्थियों का चयन कर दो वर्ष की निःशुल्क कोचिंग के साथ आवासीय सुविधा, पुस्तकें एवं स्टेशनरी, टेबलेट एवं अध्ययन के लिए इंटरनेट व डाटा प्लान की सुविधा भी निःशुल्क प्रदान की जाएगी। कोचिंग संस्था द्वारा प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों को एमपी टॉस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना जरूरी है। जिला संयोजक आर.के. सतनामी ने बताया कि आवेदक को अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य होने के साथ मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना भी आवश्यक है। आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 8 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए। इस संबंध में हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विभागीय विशिष्ट आवासीय संस्थाओं के प्राचार्यों व सीनियर एवं उत्कृष्ट छात्रावासों के अधीक्षकों को भी विद्यार्थियों को योजना की जानकारी प्रदान कर अधिकाधिक संख्या में आवेदन कराने के लिए निर्देशित किया गया है। विभाग द्वारा गैर आदिवासी जिलों से न्यूनतम 200 विद्यार्थियों के आवेदन के निर्देश दिए गए हैं।

# बाल श्रमिकों की पहचान एवं पुनर्वास के संबंध में हुई कार्यशाला



**पन्ना।** श्रम विभाग द्वारा गुरूवार को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कलेक्ट्रेट में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम 1986 अंतर्गत बाल एवं कुमार श्रमिकों की पहचान तथा विमुक्ति एवं पुनर्वास के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। जिला टॉस्क फोर्स की कार्यशाला में बाल श्रम अंतर्गत विभिन्न प्रावधान, धारा 14 बाल श्रम नियोजन के दण्डात्मक प्रावधान, बाल श्रम उन्मूलन के लिए शासन स्तर के प्रयासों सहित पेंसिल पोर्टल के माध्यम से बाल श्रमिकों संबंधी जानकारी व शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही अन्य आवश्यक कार्रवाई, विमुक्ति उपरांत कार्य सहित विभिन्न आयु वर्ग अनुसार विमुक्त कराए गए बच्चों के शैक्षणिक पुनर्वास के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में बाल एवं कुमार श्रमिकों के आर्थिक पुनर्वास और तात्कालिक सहायता पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके उपरांत कलेक्टर कार्यालय से अजयगढ़ चौराहा तक जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित नोडल अधिकारी वेदमणि दहिया, श्रम निरीक्षक मंजूषा त्रिपाठी एवं भूपेन्द्र बंजारे व स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## श्री अन्न अभियान कार्यक्रम बना पोषण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए मिसाल



**पन्ना।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलों के जवानों द्वारा अपने भोजन में मोटा अनाज शामिल किया है जवानों द्वाराभोजन मैं 30त्न मोटा अनाज शामिल किया है जिसको लेकर पूरे देश में सराहना हो रही है तथा पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संबंधी दैनिक जीवन में प्रभावी कदम माना जा रहा है उक्त कदम ग्रहमंत्रालय के मार्गदर्शन में लिया गया है ज्ञात होगी वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मोटा अनाज दिवस घोषित किया गया था तथा इसी के उपलक्ष में मोटा अनाज को भोजन में अन्य योजना के तहत शामिल किया गया था। । उच्च मुख्यालय के निर्देशानुसार डीएपी पन्ना इकाई द्वारा भी श्री अन्य योजना मोटा अनाज को शामिल करके सराहनीय कार्य किया है तथा अधिक से अधिक मोटा अनाज का इस्तेमाल जवानों द्वारा अपने भोजन के साथ किया जा रहा है साथ ही उक्त संबंध में ग्रामीणों को भी जागरूक डीएम पी इकाई पन्ना द्वारा किया जा रहा है कि अपने भोजन में 30 प्रतिशत से अधिक मोटा अनाज का उपयोग करें फोटो मोटा अनाज में रागी की रोटी सहित अन्य चीज शामिल की गई है।

## जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अहमदाबाद हादसे में मृतक लोगों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**पन्ना।** गत दिवस अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान दुर्घटना ग्रस्त हुआ जिसमें दो सैकड़ा से अधिक लोग काल के गाल में समा गए उक्त भीषण दुर्घटना में मृत लोगों को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गहन शोक व्यक्त किया तथा 2 मिनट मौन धारण कर उनकी आत्मा को ईश्वर से शांति देने की कामना की शोक सभा में अनेक लोग शामिल रहे जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम जड़िया ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय तिवारी महामंत्री मार्तंड देव बुंदेला अनीश खान युवा कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा दीपक तिवारी अंकित शर्मा शिव प्रकाश दीक्षित शशीकांत दिक्षित डॉक्टर कदीर खान राजबहादुर पटेल अभिषेक चौरसिया सरदार सिंह यादव जगतपाल सिंह सौरभ पटेरिया पिंकू सिद्दीकी गुड्डा खान राजन यादव आदि लोग शामिल हुए

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में किया गया विश्व बाल श्रम उन्मूलन दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**पन्ना।** श्री राम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति पन्ना द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर पन्ना में विश्व बाल श्रम उन्मूलन दिवस का आयोजन किया गया, उक्त कार्यक्रम में बाल श्रम उन्मूलन पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सौरभ अग्रवाल द्वारा विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किया ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी नावालिक छात्रों से मजदूरी करवाई जाती है इस पर अंकुश लगाने के उपायों को प्रस्तुत किया गया

हर वर्ष 12 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों से श्रम कराए जाने की अमानवीय प्रथा को समाप्त करना और उन्हें शिक्षा, खेल तथा सुखद बाल्यावस्था का अधिकार दिलाना है। अंजू लता पांडे द्वारा बताया गया कि हर वर्ष 12 जून को 'विश्व बाल श्रम निषेध दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है कि बच्चे किसी भी प्रकार के शारीरिक, मानसिक या आर्थिक शोषण के शिकार न हों और उनका बचपन शिक्षा व संस्कार से परिपूर्ण हो।

बल श्रम की स्थिति- विश्व भर में लाखों बच्चे गरीबी, अशिक्षा, पारिवारिक मजबूरी या तस्करी जैसी स्थितियों के चलते मजदूरी करने को मजबूर हैं। निर्माण कार्य, घरेलू नौकर, फैक्ट्रियों, चाय की दुकानों, ईंट भट्टों, कृषि कार्य और खतरनाक उद्योगों में इन मासूमों को कार्य कराया जाता है।

बचपन में श्रम करने से बच्चों का मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास बाधित होता है। उन्हें उचित शिक्षा नहीं मिल पाती और वे अपने भविष्य से वंचित हो जाते हैं। इससे समाज में बेरोजगारी, अपराध और गरीबी का चक्र चलता रहता है।

बच्चों को शिक्षा दो, बचपन दो, सम्मान दो। इसके लिए ज़रूरी है कि -माता-पिता को जागरूक किया जाए,शिक्षा को अनिवार्य और सुलभ बनाया जाए, कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए (जैसे - बाल श्रम निषेध अधिनियम), समाज और सरकार मिलकर ऐसे बच्चों को पुनर्वास और सहायता प्रदान करें।

बचपन वह नींव है जिस पर भविष्य का निर्माण होता है। यदि हम बच्चों को बोझ नहीं, अवसर देंगे, तो समाज और देश का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होगा। हर नागरिक की ज़िम्मेदारी है कि वह बाल श्रम को रोकने में योगदान दे उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## सेन समाज द्वारा दी गई श्रद्धांजलि

**पन्ना।** गत दिवस सतना जिले के सोहावल जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष। एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता उपेंद्र कुमार सेन का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया जिसकी खबर सुनकर सेन समाज में शोक की लहर व्याप्त है उनके निधन पर तथा गुजरात में हुए विमान हादसे में मारे गए दो सैकड़ा से अधिक लोगों को को सेन समाज द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए शोक। व्यक्त किया है तथा शौक संतृप्त परिवारों को उक्त गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना भगवान से की है शोक व्यक्त करने वालों में चंद्रभान सेन मनमोहन सेन प्रदीप सेन अजय सेन बिल्लू सेन छोटू सेन समारी जी आदि

## रथ यात्रा महोत्सव के लिए इच्छुक दानदाता क्यूआर कोड के जरिए भी कर सकते हैं दान

**पन्ना।** पन्ना में रथ यात्रा महोत्सव आयोजन के दौरान इच्छुक दानदाता ऑनलाइन पद्धति से भी क्यूआर कोड स्कैन कर श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर, बड़ा दिवाला, पन्ना के बैंक खाते में दान कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा पन्ना में मंदिर के बैंक खाता क्रमांक 10930257397 आईएफएससी कोड एसबीआई एन0000447 में भी सीधे दान राशि जमा कराई जा सकती है।

## संविदा आऊटसोर्स कर्मचारी संघ ने नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी तिवारी का किया स्वागत किया स्वागत



**पन्ना।** जिले के नवागत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश प्रसाद तिवारी का संविदा आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने पुष्पगुच्छ साल श्रीफल एवं भगवान जुगल किशोर जू महराज की प्रतिमा भेंट कर हीरो झीलों एवं महराज छत्रसाल की नगरी में स्वागत किया एवं कर्मचारी हितों एवं समस्याओं के यथा संभव निदान के लिए सहयोग की अपेक्षा की स्वागत करने में मुख्य रूप से नरेंद्र तिवारी जिला अध्यक्ष संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ बृजकिशोर जडिया प्रदेश मंत्री, महेंद्र तिवारी जिला अध्यक्ष बीएमएस पन्ना मुकेश सिंघ प्रदेश संयोजक आऊटसोर्स कर्मचारी संघ, सजनीश शर्मा जिला उपाध्यक्ष, फिरोज खान जिला सचिव, डॉ अजहर अली डीपीएम, पन्ना, डॉ गुंजन सिंह एपीडोमोलजिस्ट, पवन पांडेय, मनीष विश्वकर्मा,के के साहू, विजय वोहत जिला अध्यक्ष सपोर्ट स्टाफ पन्ना नाजरा बानो डीसीएम, अंकिता चौवे,तशकीम बानो , राजेश तिवारी, मनीषा सिनोडिया, शिवप्रताप पटेल, आशीष खरे,सुनील गुप्ता,आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनुपस्थित भृत्य को कर्त्तव्य पर उपस्थित होने के निर्देश

**पन्ना।** शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पन्ना में पदस्थ भृत्य अनुराग पिपले को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल कर्त्तव्य पर उपस्थित होने बावत् निर्देशित किया गया है। भृत्य श्री पिपले एक फरवरी 2025 से संस्था में अनुपस्थित हैं। पूर्व में भृत्य की उपस्थिति के संबंध में विद्यालय प्राचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निवास के पते 1/47-1/बीडीए कॉलोनी, अमरावत खुर्द, अवधपुरी भोपाल के पते पर भी पत्राचार किया गया था, लेकिन भृत्य द्वारा पदांकित संस्था में अब तक अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई है।

# आदिम जाति कल्याण विभाग में चल रहा संलग्नि कारण का खेल

### सरकार के आदेश की उड़ाई जा रही धज्जियां

**पन्ना।** जिला आदिम कल्याण विभाग में पर्याप्त लिपिक एवं कर्मचारी होने के बाद भी अनेक कर्मचारी नियम विरुद्ध अटैचमेंट किए गए हैं जो शिक्षक के स्थान पर लिपिक का कार्य देख रहे हैं जबकि अनेक विद्यालय एवं छात्रावास में शिक्षक पढ़ाने वाले नहीं हैआदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के भी अनेक शिक्षकों को अधीक्षक का प्रभार मनमाने ढंग से दिया गया है जबकि विभाग में पर्याप्त मात्रा में शिक्षक पदस्थ हुए हैं जो आदिम जाति कल्याण विभाग के ही हैं लेकिन शिक्षा विभाग के शिक्षक किस नियम के तहत संलग्न किए हुए हैं यह समझ से परे हैं उदाहरण के तौर पर कार्यालय में शिक्षक योगेश पटेरिया तथा योजना ठाकुर को संलग्न कारण कर रखा है जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि जिसकी पदस्थापना जहां है वहां पर उसको भेजा जाए किसीभी प्रकार का संलग्न कारण नहीं किया जाए लेकिन आदिम जाति विभाग में मनमाने ढंग से यह खेल चल रहा है।

# खेल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल पुरस्कार 2025 के तहत एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आगामी 15 जून से 31 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2025 की अवधि में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किए जाएंगे। समुद्र, जमीन एवं वायु आधारित साहसिक खेलों में भी पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पुरस्कार के लिए पात्रता, राशि व अन्य शर्तों का अवलोकन विभाग की वेबसाइट पर किया जा सकता है। वेबसाइट पर दी गई लिंक अथवा अनुदान एप के जरिए भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन उपरांत आवेदक को आवेदन की प्रति के साथ खेल प्रमाण पत्र और अन्य अभिलेख की छायाप्रति जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय पन्ना अथवा टीटी नगर स्टेडियम भोपाल स्थित संचालनालय में अंतिम तिथि तक जमा कराना अनिवार्य है।

## पचास वर्ष पुराना बरगद का पेड़ गिराए जाने को लेकर समाज सेवी ने प्रशासन के खिलाफ कोतवाली में दिया आवेदन




**पन्ना।** भगवान श्री जुगल किशोर मंदिर के सामने 50 वर्ष पुराने भारी भरकम बरगद के पेड़ को जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नाम पर काट दिया गया है जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश का माहौल व्याप्त है उक्त मामले को लेकर स्थानीय समाज सेबी हैं रूपेश दीक्षित ने थाना प्रभारी कोतवाली के नाम आवेदन देते हुए पेड़ काटने वाले जिम्मेवारों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है श्री दीक्षित ने कहा कि जहां एकओर केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण बचाने के लिए लगातार पेड़ लगाए जा रहे हैं वहीं दूसरी है प्रशासन द्वारा मनमाने ढंग से पेड़ों का कत्लेआम किया जा रहा है जो बहुत ही बड़ा अपराध है उक्त पेड़ की छाया में सैकड़ो आदमी पशु पक्षी आराम करते थे लेकिन उसे बिना किसी मंजूरी के गिरा दिया गया।

## बिजली चोरी करने वालों ने किया विद्युत विभाग की टीम पर हमला

**पन्ना।** पन्ना जिला मुख्यालय में विद्युत चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है जहां एक ओर आम आदमी बिजली के भारी-भारी बिल भरने के लिए मजबूर है वहीं दूसरी ओर विद्युत चोर सरेआम सीधी लाइन से कटिया फंसा कर विद्युत की चोरी कर रहे हैं तथा उन्हें रोकने पर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों पर हमला भी कर देते हैं इसी प्रकार का मामला प्रकाश में आया है कोतवाली चौराहे पर रहने वाले सोहेल खान तथा शोएब खान द्वारा बिजली की चोरी की जा रही थी जिसकी जानकारी विद्युत विभाग के कर्मचारियों को लगी तो कर्मचारियों ने जाकर उनकी विद्युत चोरी रोकने के लिए खंभे से तार अलग कर दिए जिसको लेकर शोएब खान तथा सोहेल खान पिता जम्मू खान के द्वारा सरेआम मारपीट की गई जिसमें कर्मचारी भारत गुप्ता शिवराज यादव घायल हो गए उनके द्वारा सूचना देने पर कनिष्ठ यंत्री राहुल बिरला भी संबंधित स्थान पर पहुंच गए उनके साथ भी संबंधित द्वारा आव्हार्दता की गई उक्त घटना को लेकर विद्युत कर्मचारियों ने कोतवाली पहुंचकर मामला दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है बताया जाता है कि उक्त दोनों आरोपी पुराने अपराधी हैं जिन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# मीडिएटर से 10 लाख में परीक्षा पास कराने का किया था सौदा

**सतना।** जालसाजी कर पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले आरोपी गौरव शर्मा 30 वर्ष की मुलाकात फार्म भरने के दौरान ही मुरैना जिले के मीडिएटर अमिताभ रावत से हुई थी, जिसने एग्जाम क्लीयर कराने के लिए साल्वर की व्यवस्था करने का भरोसा दिलाया। जिसका खर्च उसने 10 लाख रुपए बताया था, लेकिन आरोपी के पास इतनी बड़ी रकम नहीं थी, ऐसे में उसने अमिताभ को यह प्रस्ताव दिया कि जब उसके इलाके में सरकारी नौकरी करने वाले विवाह योग्य लडक़ों को तगड़ा दहेज मिलता है। ऐसे में जैसे ही वह पुलिस में भर्ती हो जाएगा तो शादी के लिए रिश्ते आएंगे, तब दहेज मोटी रकम प्राप्त कर उसमें से 10 लाख का भुगतान कर देगा, मगर सतना पुलिस की पैनी नजर और बारीकी से की गई जांच ने आरोपी के सपनों को चकनाचूर कर दिया। कोर्ट से मिली एक दिन की रिमांड के दौरान पुलिस टीम इस रैकेट में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में गौरव से ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। सिविल लाइन थाने में दर्ज किए गए अपराध में मीडिएटर अमिताभ रावत, निवासी जौरा, मुरैना और साल्वर मनीष को भी आरोपी बनाया गया है तो आधार सेंटर के संचालक की भूमिका को भी जांच के दायरे में रखा गया है। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(1), 340(2) और परीक्षा अधिनियम 1982 की धारा 3/4 के तहत कायमी की गई है। फर्जीवाड़े का यह खेल सतना तक सीमित नहीं है, इससे पूर्व प्रदेश के 6 जिलों में 16 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं, जिनमें से मुरैना में सर्वाधिक 5 प्रकरण पंजीबद्ध हुए हैं। शिवपुरी, श्योपुर, अलीराजपुर, शहडोल और इंदौर में भी रिकार्ड सत्यापन के समय 30 से ज्यादा आरोपी पकड़े जा चुके हैं।

## नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए मतदान 7 जुलाई को

**पन्ना**

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध) अंतर्गत 31 मार्च 2025 की स्थिति में रिक्त पार्षद पद के लिए उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके तहत पन्ना जिले की नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद का उप निर्वाचन भी कराया जाएगा। जारी उप निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार आगामी 16 जून को सुबह 10:30 बजे निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन के साथ रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उम्मीदवारों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही शुरू हो जाएगी। नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 जून को दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा का कार्य 24 जून को होगा, जबकि 26 जून को दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापिसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके उपरांत इसी दिन निर्वाचन ल?ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। आवश्यक होने पर सोमवार, 7 जुलाई को निर्धारित किए गए मतदान केंद्रो पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणाम की घोषणा गुरूवार, 10 जुलाई को सुबह 9 बजे से की जाएगी।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, रविवार 15 जून 2025



वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम के नाला गैंग द्वारा अभियान के रूप में लगातार नाला नालियो की सफाई का कार्य किया जा रहा है।




# दलहन-तिलहन फसलों के साथ मोटे किस्म के अनाज उत्पादन के क्षेत्र विस्तार को प्राथमिकता दें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा रबी फसल की उपलब्धियों तथा खरीफ फसल की तैयारियों के संबंध में संभागीय बैठक की पूर्व तैयारी बैठक में समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दलहन-तिलहन के साथ मोटे किस्म के अनाज उत्पादन के क्षेत्र विस्तार को प्राथमिकता दें। साथ ही उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार में कृषि व पशुपालन विभाग समन्वय व सहयोग के साथ कार्य करे।




कमिश्नर ने कहा कि खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। रीवा संभाग में सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि हो रही है जिससे खेती के और अधिक बेहतर होने की संभावनाएं हैं। खेती को आधुनिक बनाने के लिए किसानों को उन्नत तकनीक के बारे में जानकारी दें। खेती के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्यपालन से कृषकों को जोड़कर उनके आर्थिक विकास में सहभागी बनें। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान में प्राप्त सुझावों को भी कार्ययोजना में शामिल करते हुए फसलवार वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार करें। समन्वित प्रयासों से ही खेती व उससे संबद्ध अन्य गतिविधियों को शामिल कर किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सकता है।

कमिश्नर ने कहा कि किसानों को कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए जागरूक करते हुए स्प्रिंकलर के माध्यम से सिंचाई सुविधाओं के लिए प्रेरित करें। गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर लाई वैल्यू क्रॉप को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बोये जाने वाले रकबे के अनुरूप प्रमाणित बीज की उपलब्धता का आकलन करें। नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को प्रेरित करें तथा मिट्टी परीक्षण के अनुरूप फसल उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि धान के स्थान पर मोटे अनाज के उत्पादन के लिए किसानों को जागरूक करते हुए इनके बाजार की उपलब्धता की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने ऊषा-16 अरहर किस्म के उत्पादन की सूची संकलित करने तथा पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बीज वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर लगाकर किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने कहा कि संभाग में खेत तालाब व ग्रामीण तालाबों सहित सभी तालाबों को सूचीबद्ध कर 30 जून तक मत्स्यपालन विभाग को सूचना दें ताकि सभी तालाबों में मछलीपालन हो सके। उन्होंने केज कल्चर से मत्स्यपालन उत्पादन को ब?ावा देने की बात भी कही। बैठक में कमिश्नर ने उद्यानिकी फसलों के विस्तार के लिए क्लस्टरवार कार्ययोजना बनाकर कार्य करने की बात कही तथा उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र की गिरदावरी कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कृषि उपज मण्डियों की ई मण्डी व्यवस्था तथा डेयरी विकास द्वारा दुग्ध उत्पादन के लिए किए जा रहे कार्यों का प्रस्तुतिकरण भी देखा। उन्होंने कहा कि आगामी 18 जून को आयोजित एपीसी बैठक में सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहें तथा संभागन्तर्गत जिलों में किए गए नवाचार व सफलता की कहानियों का प्रस्तुतिकरण वीडियो फिल्म के माध्यम से कराएं। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, डेयरी विकास, सहकारिता, मार्फेड सहित संबंधित विभागों के संभागीय अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण दिया। विभिन्न जिलों के कलेक्टर्स ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने विचार व सुझाव रखे तथा जानकारी प्रस्तुत की। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने जिलेवार जानकारी का प्रस्तुतीकरण किया।

## एएनएम के रिकार्ड का पुनः सत्यापन 23 जून तक

**रीवा।** माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में एएनएम के रिकार्ड का पुन: सत्यापन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में 13 जून से जारी है। एएनएम के रिकार्ड का सत्यापन 23 जून तक होगा। रिकार्ड का सत्यापन सुबह 11 बजे से किया जा रहा है। सभी एएनएम कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समय में कार्यालय में उपस्थित होकर अपने रिकार्डों का पुन: सत्यापन कराएं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह 5 के अंतर्गत ए.एन.एम. (महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की सीधी भर्ती की आयोजित संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं मेरिट में आने वाली एएनएम को अपने रिकार्डों का पुन: सत्यापन कराने के लिए निर्धारित तिथि को संबंधित अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना है।

# प्रत्येक व्यक्ति को विधि की जानकारी होना चाहिए : न्यायाधीश



**रीवा।** विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन न्यायालय परिसर एडीआर भवन में किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। शिविर में न्यायाधीश श्री सुधीर सिंह राठौड़ ने कहा कि समाज में विधि का शासन है। प्रत्येक व्यक्ति को विधि की जानकारी होना चाहिए। विधि की जानकारी होने से व्यक्ति को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी रहती है। यदि उसके अधिकारों का उल्लंघन होता है तो विधि के उचित फोरम में जाकर न्याय प्राप्त कर सकता है। श्री राठौड़ ने निःशुल्क विधिक सहायता, विभिन्न विधियों तथा जमानत संबंधी कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में मृतात्माओं को श्रद्धांजली भी अर्पित की गई। शिविर का संचालन अधिवक्ता अनीस पाण्डेय ने किया। शिविर में विधि के विद्यार्थी और अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आज से होगा प्रारंभ

**रीवा।** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 15 जून से 30 जून तक चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत रीवा और गंगेव विकासखण्ड के एक-एक, रायपुर कर्चुलियान के 4, सिरमौर के 153, जवा के 118 गांव सम्मिलित किए गए हैं। अभियान के सफल संचालन के लिए संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह ने बताया कि अभियान के तहत इन ग्रामों में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य रक्षा, शिक्षा एवं स्वच्छ पेयजल के उपयोग के संबंध में जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान मौके पर ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के आवेदन प्राप्त करके हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

## भागवताचार्य आशीषाचार्य ने दी भाव पूर्ण श्रद्धांजलि

**रीवा।** भागवताचार्य आशीषाचार्य महराज ने अहमदाबाद में हुई प्लेन दुर्घटना की खबर को अत्यन्त पीड़ा दायक बताते हुए कहा कि इस हादशे में जिन लोगों की जान गई वह न केवल उनके परिजनों के लिए अपूर्णीय क्षति है बल्कि पूरे देश के लिए भी एक गहरा आघात है। इस दुर्घटना में गुजरात के पूर्व सी.एम.रूपाणी का असमयिक निधन हो गया। इस दुखद घडी में मैं दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं ईश्वर उन्हे यह अशीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे इस दुर्घटना में घायलों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो ऐसी प्रभू से कामना करता हूं। ओंम शांति।

# चोरहटा तालाब में चलाया गया विशेष सफाई अभियान, नागरिकों के सहभागिता से श्रमदान

**रीवा।** जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है । इस क्रम में दिनांक 14 जून को नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार शहर स्थित वार्ड 04 चोरहटा रानी तालाब में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान तालाब की गहराई तक सफाई कर खज्जी, जलकुंभी एवं जमा कचरे को हटाया गया तथा घाट व आसपास के क्षेत्रों में समग्र



स्वच्छता कार्य संपन्न हुआ। निगम के अधिकारी-कर्मचारियों एवं आईईसी टीम के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी इस कार्य में सहभागिता दी एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण को लेकर जनजागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया। इसके अतिरिक्त, अभियान के अंतर्गत सोक पीट का निर्माण भी कराया जा रहा है, जिससे जल भराव की समस्या को दूर करने में सहायता मिलेगी और वर्षाजल के प्राकृतिक पुनर्भरण को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर पार्षद श्री दारा सिंह, सहायक यंत्री श्री राजेश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी, उपयंत्री श्री एसएस मिश्रा, श्री हरेराम मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड दरोगा, आईईसी हेड श्री विवेक परमार, आईईसी टीम, स्वच्छता से जुड़े एनजीओ एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

# रोजगार मेला महावीर आईटीआई रीवा में 16 जून को

**रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत महावीर आईटीआई रीवा में 16 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा (18-48 वर्ष) तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, आमधनी प्रा. लि. एमआरएफ टायर्स गुजरात, अपोलो टायर्स याजाकी धूत ट्रांसमिशन गुजरात कंपनियां शामिल होंगी। रोजगार मेले में एल एण्ड टी कंस्ट्रक्शन कांचीपुरम, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर धार, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा पुणे महाराष्ट्र, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस प्रा. लि. रीवा, ग्रेट आर्ग्रेनिक डायमंड कंपनी लि. सागर तथा स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल की कंपनियां भी शामिल होंगी।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में लगेंगे शिविर

**अभियान में मऊगंज के 2 तथा हनुमना के 142 ग्राम शामिल**

**मऊगंज।** जिले में 15 से 30 जून तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर संजय कुमार जैन बताया कि अभियान के तहत जनजाति बहुल ग्रामों में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। अभियान में मऊगंज के 2 तथा हनुमना के 142 गावों को शामिल किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के तहत इन ग्रामों में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य रक्षा, शिक्षा एवं स्वच्छ पेयजल के उपयोग के संबंध में जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान मौके पर ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के आवेदन प्राप्त करके हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल एनीमिया एवं अन्य रोगों के निःशुल्क जाँच की भी व्यवस्था की जाएगी। अभियान के तहत शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, कृषि विभाग तथा राजस्व विभाग सहित सभी विभागों में समन्वय से हर पात्र हितग्राही को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

# सर्प-दंश से जन-सामान्य के बचाव के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

**सभी शासकीय अस्पतालों में एंटी-वेनम (विषनाशक दवा) का किया जाएगा पर्याप्त भंडारण**

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सर्पदंश के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इसे स्थानीय आपदा घोषित किया है। पिछले वर्ष सर्प-दंश से 2500 से अधिक मौत हुई थी जिससे व्यापक जनहानि हुई थी। बारिश के मौसम में बढ़ने वाली इन घटनाओं की रोकथाम के लिए एक बहुआयामी रणनीति तैयार की है, जिसमें जनजागरूकता, आपातकालीन सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और निवारण संबंधी उपाय शामिल किए गए हैं। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, रेडियो, होर्डिंग्स और प्रिंट मीडिया के जरिए सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रसारित की जाएगी। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों को इस खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक जिले में प्रशिक्षित %सर्प मित्र% और %स्नेक-कैचर्स% की तैनाती की जाएगी, जिनके हेल्पलाइन नंबर जनता को उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी-वेनम (विषनाशक दवा) का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाएगा। पीड़ितों को निकटतम चिकित्सा केन्द्र तक पहुँचाने की व्यवस्था को और सुचारू बनाया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। जनजागरूकता गतिविधि में ग्रामीणों को खेतों और जंगलों में काम करते समय मोटे जूते और दस्ताने पहनने की सलाह दी जाएगी। घरों के आसपास सफाई रखने, झाड़ियों को काटने और कूड़े के उचित निपटान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पशुपालकों को पशुशालाओं के आसपास बाड़ लगाने और पर्याप्त रोशनी का प्रबंध करने की सलाह दी गई है। पर्यटन स्थलों पर सर्प अधिकता क्षेत्रों को चिह्नित करने और चेतावनी बोर्ड लगाने का भी प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार ने इस अभियान के लिए प्रत्येक जिले को 23.17 लाख रुपये आवंटित किए हैं। बजट का उपयोग प्रशिक्षण, मॉक ड्रिल और जनजागरूकता कार्यक्रमों में किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनता से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या देसी उपचार की बजाय तुरंत निकटतम अस्पताल पहुँचें, क्योंकि पहला एक घंटा गोल्डन आवर यानि जीवनरक्षक होता है। साथ ही, सांपों को मारने या परेशान करने के बजाय उन्हें दूर भगाने के उपाय करने पर जोर दिया गया है। इस व्यापक अभियान से उम्मीद की जा रही है कि राज्य में सर्पदंश से होने वाली मौतों में उल्लेखनीय कमी आएगी।

## कलेक्टर ने मत्स्याखेट पर प्रतिबंध के दिए आदेश

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के सभी जलाशयों में 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। इस अवधि में मछली का शिकार, विनिमय तथा परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश मध्यप्रदेश नवीन मत्स्योद्योग नियम 1972 के तहत जारी किया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर एक वर्ष के कारावास अथवा पांच हजार रुपए के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। प्रतिबंध की अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट न करे। यह प्रतिबंध छोटे तालाब अथवा अन्य ऐसे जल स्त्रोत पर लागू नहीं होगा जिसका संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है। उल्लेखनीय है कि वर्षाकाल का आरंभ मछलियों का प्रजनन काल होता है।

# स्वास्थ्य मंत्री की पहल से रीवा में स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मिली नई गति

**रीवा।** जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और नागरिकों के स्वास्थ्य की बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने में उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री राजेंद्र शुक्ल का मार्गदर्शन बेहद अहम रहा है। उनके नेतृत्व में जिले में व्यापक स्वास्थ्य जांच अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, जो गंभीर बीमारियों की शुरुआती पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में रीवा जिले में स्वस्थ यकृत मिशन निरंतर जारी है। इस मिशन में जन-जागरूकता और जांच अभियान के तहत अब तक 46,977 लोगों का लीवर स्वास्थ्य परीक्षण हो चुका है, जिससे हजारों नागरिकों को समय रहते अपने यकृत की स्थिति का पता चल सका है। नोडल एनसीडी कार्यक्रम डॉ. सुनील अवस्थी ने बताया कि जिले भर में कुल 24,993 पुरुषों और 21,984 महिलाओं की शारीरिक जांच की गई है। यह समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। जांच के दौरान, 6,449 पुरुषों की कमर की परिधि 90 सेमी और 6,626 महिलाओं की कमर की परिधि 80 सेमी से अधिक पाई गई, जो संभावित स्वास्थ्य जोखिमों का संकेत देती हैं। जांच में मिले परिणामों ने कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने रखे हैं। कुल 46,977 जांचों में से 9,394 व्यक्तियों में बॉडी मास इंडेक्स स्कोर 23 डीबी/एम से अधिक पाया गया, जो लीवर में वसा जमा होने की संभावना की ओर इशारा करता है। इन मामलों में तत्काल चिकित्सा परामर्श और आगे की जांच की आवश्यकता है। मिशन ने गैर-अल्कोहलिक फैटी लीवर रोग के लिए कुल 364 व्यक्तियों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास संदर्भित किया है, जिससे उन्हें सही समय पर उपचार मिल सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि स्वस्थ यकृत मिशन रीवा का उद्देश्य केवल जांच करना नहीं, बल्कि लोगों को लीवर स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करना है। समय पर पहचान और उचित मार्गदर्शन से लीवर संबंधी गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इस मिशन का लक्ष्य जिले के हर नागरिक तक पहुंच बनाना और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक जानकारी और सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल को इस महत्वपूर्ण पहल के लिए विशेष धन्यवाद दिया, जिससे इन स्वास्थ्य कार्यक्रमों को नई गति मिली है। नॉन-अल्कोहलिक फैटी लीवर रोग की पहचान पर विशेष जोर दिया गया है। कुल 364 व्यक्तियों को नॉन-अल्कोहलिक फैटी लीवर रोग के समुचित प्रबंधन के लिए आगे रेफर किया गया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833